वर्ष-10, अंक-192
इन्दौर, बुधवार
09 अक्टूबर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

### चाणक्य नीति

चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डाँटना भी आवश्यक है। -चाणक्य



इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com




# हरियाणा में बीजेपी तो जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस गठबंधन की सरकार

## जम्मू-कश्मीर में AAP ने खोला खाता, डोडा में बीजेपी को 4500 वोटों से हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत निर्वाचन आयोग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 84 सीटों पर रुझान सामने आ चुके हैं। राज्य में भारतीय जनता पार्टी 48 सीटों पर आगे चल रही है। वहीं, कांग्रेस 37 सीटों पर आगे है। इंडियन नेशनल लोकदल को 1, बहुजन समाज पार्टी को 1 और अन्य को 5 सीटों पर बढ़त हासिल है।

आयोग की तरफ से जम्मू और कश्मीर विधानसभा की 88 सीटों के रुझान जारी कर दिए हैं। राज्य में कुल 90 सीटें हैं। ताजा आंकड़े बता रहे हैं कि नेशनल कॉन्फ्रेंस 40 सीटों पर आगे चल रही है। वहीं, कांग्रेस को 8 सीटों पर बढ़त मिली है। फिलहाल, भारतीय जनता पार्टी की गाड़ी 23 सीटों पर बढ़त के साथ रुकी हुई है। पीडीपी को 3 सीटों पर बढ़त है। खास बात है कि राज्य में एनसी और कांग्रेस ने गठबंधन में चुनाव लड़ा था। जम्मू और कश्मीर विधानसभा चुनाव में मतगणना जारी है। भारत निर्वाचन आयोग के ताजा आंकड़े बता रहे हैं कि नेशनल कॉन्फ्रेंस 39 सीटों पर आगे चल रही है। वहीं, कांग्रेस को 7 सीटों पर बढ़त हासिल है। भारतीय जनता पार्टी फिलहाल 23 सीटों पर आगे चल रही है। महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी 3 सीटों पर आगे चल रही है। बहुजन समाज पार्टी को भी 1 सीट पर बढ़त मिली हुई है। वहीं आम आदमी पार्टी के लिए भी एक बड़ी खबर सामने आई है. आप ने यहां जीत का खाता खोला है. डोडा सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मेहराज मलिक ने बीजेपी के गजय सिंह राना को करीब 4500 वोटों से शिकस्त दे दी है.



| हरियाणा | | जम्मू-कश्मीर | |
|---|---|---|---|
| कांग्रेस | 37 | नेशनल कांफ्रेंस | 42 |
| भाजपा | 48 | कांग्रेस | 6 |
| जेजेपी | 0 | बीजेपी | 29 |
| इनलो-बसपा | 2 | पीडीपी | 3 |
| अन्य | 3 | अन्य | 10 |

## हरियाणा चुनाव में हो रही जमकर धांधली, कांग्रेस ने कहकर रिजल्ट के दिन मचा दिया बवाल

हरियाणा और जम्मू कश्मीर में हुए चुनाव के नतीजे जल्द ही स्पष्ट हो जाएंगे. बताया जा रहा है कि हरियाणा और जम्मू कश्मीर की तस्वीर बदल सकती है. सुप्रिया श्रीनेत का कहना है कि तस्वीर जरूर बदलेगी, क्योंकि हमने मुद्दों पर चुनाव लड़ा है. हमें यकीन है हरियाणा और जम्मू कश्मीर में कांग्रेस की सरकार बहुमत से बनेगी. श्ष्ट अपना डाटा अपटेड नहीं कर रही, लेकिन बहुत जल्द सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा. बीजेपी हेडक्वार्टर में कबूतर भी पर नहीं मार रहा था. कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, यह तस्वीर अभी बहुत जल्दी पलटेगी और तस्वीर पलटने में देर नहीं लगेगी. हमारे लिए हरियाणा और जम्मू-कश्मीर से अच्छी खबर आ रही है. बहुत देर से मैं चुनाव आयोग की वेबसाइट देख रही हूं, वहां पर डेटा अपडेट नहीं हो रही. ग्राउंड रिपोर्ट्स के मुताबिक हमारा वोट शेयर बीजेपी से काफी आगे है और ये सीटों में जरूर तब्दील होगा. हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे धीरे-धीरे सामने आने लगे हैं. कई सीटों पर लगभग चार राउंड तक की गिनती पूरी हो गई है. ऐसे में बीजेपी 51 सीटों पर आगे चल रही है. वहीं कांग्रेस पार्टी महज 33 सीटों पर आगे चल रही है. जबकि जब वोटों की गिनती शुरू हुई थी तब कांग्रेस पार्टी ने बढ़त बना रखी थी. कांग्रेस एक वक्त पर 50 से अधिक सीटों पर आगे चल रही थी. लेकिन बताया जा रहा है कि जैसे ही ईवीएम के वोटों की गिनती शुरू हुई, वैसे ही बीजेपी ने बढ़त बनानी शुरू कर दी. कयास ये भी लगाए जा रहे हैं कि ये पासा कभी भी पलट सकता है. इसलिए अभी कुछ भी कहना गलत होगा. जम्मू-कश्मीर के 90 विधानसभा सीटों का परिणाम धीरे-धीरे सामने आ रहे है. चुनाव आयोग के मुताबिक जेकेएनसी-कांग्रेस गठबंधन ने बहुमत का आंकड़ा पार कर चुकी है. बताया जा रहा है कि जेकेएनसी अभी 39 सीटों पर आगे चल रही है. बीजेपी 28 सीटों पर, कांग्रेस 8 सीटों पर, PDP 3 सीटों पर, जेपीसी 2 सीटों पर, सीपीआई(एम) और डीपीएपी 1-1 सीट पर आगे है. वहीं निर्दलीय उम्मीदवार 8 सीटों पर आगे चल रहे हैं.

## राजनीति के दंगल में जीती विनेश फोगाट



**जुलाना (एजेंसी)।** जुलाना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की विनेश फोगाट ने 6015 वोटों की बढ़त से जीत दर्ज की है। उन्होंने कुल 65080 वोट प्राप्त किए, जबकि भाजपा के कैप्टन योगेश बैरागी को 59065 वोट मिले। विनेश फोगाट की इस जीत को क्षेत्र में कांग्रेस के लिए बड़ी सफलता माना जा रहा है, क्योंकि उन्होंने भाजपा के मजबूत उम्मीदवार को कड़ी टक्कर देते हुए यह जीत हासिल की है।

**अन्य प्रमुख उम्मीदवारों के वोट इस प्रकार रहेः** इनेलो के सुरेंद्र लाठरः 10158 वोट, जजपा के अमरजीत ढांडाः 2477 वोट, आप की कविता रानीः 1280 वोट, जुलाना विधानसभा क्षेत्र में चल रहे चुनावों में कांग्रेस की उम्मीदवार विनेश फोगाट ने महत्वपूर्ण बढ़त बनाई है। प्रारंभिक नतीजों के अनुसार, वह अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 6354 वोटों से पीछे छोड़ते हुए 11 राउंड के मतगणना में आगे चल रही हैं।

## NC-कांग्रेस की सरकार, उमर सीएम बनेंगे



जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना नौशेरा सीट से NC कैंडिडेट से करीब 8 हजार वोटों से हार गए। उन्होंने पार्टी हाईकमान को अपना इस्तीफा भेजा है। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की पार्टी PDP ने 3 सीटें जीती हैं। पिछले चुनाव में पार्टी को 28 सीटें मिली थीं। पहली बार चुनाव लड़ रहीं महबूबा की बेटी इल्तिजा मुफ्ती श्रीगुफवारा बिजबेहरा सीट से करीब 9 हजार से ज्यादा वोटों से हार गईं। वहीं पीपुल्स कॉन्फ्रेंस को एक सीट पर जीत मिली। 7 पर निर्दलीय जीते। संसद पर हमले के आरोपी अफजल गुरु के भाई ऐजाज गुरु को सोपोर सीट पर 129 वोट मिले। नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा- उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के अगले सीएम होंगे। उमर अब्दुल्ला ने दो सीटों (बडगाम और गांदरबल) पर चुनाव लड़ा और दोनों पर PDP कैंडिडेट को हराया।



### देवी का सप्तम स्वरुप कालरात्रि

ध्यान मन्त्रः एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा ।
वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयन्करि।।
!! स्तोत्र !!
हीं कालरात्रि श्रींकराली चक्लींकल्याणी कलावती।
कालमाताकलिदर्पध्नीकमदींशकृपन्विता॥
कामबीजजपान्दाकमबीजस्वरूपिणी।
कुमतिघ्नी कुलीनर्तिनाशिनी कुल कामिनी॥
क्लींहीं श्रींमंत्रवर्णेनकालकण्टकघातिनी।
कृपामयीकृपाधाराकृपापाराकृपागमा॥
देवी कालरात्रि का कवच -
क्लींमें हदयंपातुपादौश्रींकालरात्रि।
ललाटेसततंपातुदुष्टग्रहनिवारिणी॥
रसनांपातुकौमारी भैरवी चक्षुणोर्मम
कहौपृष्ठेमहेशानीकर्णोशंकरभामिनी।
वद्यजतानितुस्थानाभियानिचकवचेनहि।
तानिसर्वाणिमें देवी सततंपातुस्तम्भिनी॥

**राजीव नन्दन मिश्र**
**सरना, भोजपुर (बिहार)**
**मो. - 7004235870**

## धरना-प्रदर्शन नहीं अब देश जाम करेंगेः मौलाना

**बरेली (एजेंसी)।** बरेली में मौलाना तौकीर रजा खां ने एक बार फिर से भड़काऊ बयान दिया. उन्होंने कहा कि आखिर कब तक नबी की शान में गुस्ताखी होती रहेगी. अब धरना-प्रदर्शन नहीं किया जाएगा, ज्ञापन नहीं दिया जाएगा, बल्कि देश को जाम किया जाएगा. यूपी के बरेली में इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खां ने एक बार फिर से भड़काऊ बयान दिया. आईएमसी के स्थापना दिवस के मौके पर उन्होंने मंच से कहा कि आखिर कब तक नबी की शान में गुस्ताखी होती रहेगी. अब धरना-प्रदर्शन नहीं किया जाएगा, ज्ञापन आदि नहीं दिया जाएगा, बल्कि देश को जाम किया जाएगा. इसके लिए दशहरा बाद एक नई तारीख का ऐलान किया जाएगा. फिर हिंदुस्तान के तमाम मुसलमान दिल्ली पहुंचेंगे और देश को जाम करेंगे और अपनी बात रखेंगे.

# विकसित भारत का रास्ता गांव से होकर जाता है : C.M डॉ. यादव

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार गरीब और किसानों की सरकार है। यहाँ सभी को समान रूप से पात्रतानुसार सुविधाएं उपलब्ध है। गरीब एवं किसानों को प्राथमिकता से सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। सड़क दुर्घटना में कोई गरीब भी घायल होता है तो उसे अस्पताल पहुंचाने के लिए सरकार हेलीकॉप्टर पहुंचाएगी। यदि मृत्यु हुई तो सरकार पार्थिव देह को उसके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित लोगों को लाभान्वित करने के लिए आज से सर्वे चालू हो गया है। सभी पात्र व्यक्तियों के इस योजना का लाभ मिलेगा। क्षेत्र के विकास के लिए की गई घोषणाएं पूरी होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को सीहोर जिले के भैरूंदा में ग्राम विकास सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री ने पीएमजीएसवाई-ढ्ङ्क के अन्तर्गत 500 कि.मी. स्वीकृत सड़कों का शुभारंभ किया तथा स्व-सहायता समूहों के लिए 150 करोड़ रूपए के बैंक ऋण व सामुदायिक निवेश राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया। साथ ही 8 प्र-संस्करण इकाइयों एवं 100 सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्रों का शुभारंभ भी किया। प्रदेश के 5 नए जिलों में आरसेटी प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की स्वीकृति भी दी गई। कार्यक्रम में सीहोर जिले के 52818 तेंदूपत्ता संग्रहकों को 2 करोड़ 70 लाख रूपये बोनस राशि का वितरण तथा मध्यप्रदेश सरकार की बाँस मिशन योजना में 215 बाँस हितग्राहियों को 2 लाख 90 हजार बाँस पौधों की अनुदान राशि एक करोड़ 4 लाख 27 हजार रूपये का वितरण भी किया गया।

**प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बढ़ाया देश का गौरव**




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का पूरी दुनिया में सम्मान है। उन्होंने देश का गौरव बढ़ाया है और दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। दुश्मनों से उनका कहना है कि यदि आप गोली फेंकोगे तो हम गोला फेकेंगे। सीमा पर जवान और खेत पर किसान, दोनों का गौरव बढ़ा है। हमारी सरकार इनके कल्याण के कार्य करती है। किसानों को हर संभव सहायता दी जा रही है। प्रदेश के किसानों से समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी जायेगी। आज भैरूंदा से 8 खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों का लोकार्पण किया गया है। प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी निरंतर कार्य हो रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार आक्रांताओं के एक-एक चिन्ह को मिटाती जा रही है। भैरूंदा का नाम आक्रांताओं ने नसरुल्लागंज कर दिया था, जिसे बदलकर फिर भैरूंदा कर दिया गया है। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कई घोषणाएं भी की। विधानसभा बुदनी के चारों नगरीय निकायों के विकास के लिए 2-2 करोड़ रुपए दिए जाने की घोषणा की। कई नवीन मार्ग भी स्वीकृत किए। केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश में कृषि एवं ग्रामों के विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तो भैरूंदा वालों की चांदी कर दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से कहा कि ÷मोहन तुम प्रदेश को प्रगति और विकास के पथ पर आगे बढ़ाते जाओ, प्रधानमंत्री श्री मोदी का आशीर्वाद और मेरा साथ तुम्हारे साथ है।÷ क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर काम करेंगी। प्रदेश में और भी सीएम राइज स्कूल खोले जाएंगे।

केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से जो भाई-बहन छूट गए हैं, उनके लिए आज से सर्वे चालू हो रहा है, जो आगामी 6 माह में पूरा कर लिया जाएगा।

## मामूली विवाद पर अकोला में हिंसा, पथराव व आगजनी, क्षेत्र में तनाव

**अकोला, (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज है। इस बीच महाराष्ट्र के अकोला में दो गुटों के बीच तनाव पैदा हो गया है। जानकारी के मुताबिक इस तनाव के चलते कई जगहों पर आगजनी और पथराव के साथ भारी भीड़ सड़कों पर उतर आई है।



घटना के बाद तुरंत मौके पर पुलिस बल पहुंच गया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर कर स्थिति को नियंत्रण में किया है। घटना सोमवार शाम हुई जब एक ऑटोरिक्शा मोटरसाइकिल से टकरा गया, जिससे दोनों में विवाद हो गया। विवाद के बाद तनाव इतना बढ़ कि दो समूहों के सदस्यों ने एक-दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया और तीन दोपहिया वाहनों और एक ऑटोरिक्शा को आग के हवाले कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विवाद के दौरान कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस को मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। अधिकारियों ने भीड़ को तितर-बितर करने लाठीचार्ज भी किया। पुलिस ने बताया कि सोमवार को महाराष्ट्र के अकोला में दो समूहों के बीच झड़प हुई, जिसमें पथराव हुआ और कई वाहनों में आग लगा दी गई। अकोला पुलिस के मुताबिक शहर के हरिहर पेठ इलाके में एक ऑटोरिक्शा और एक मोटरसाइकिल के बीच टक्कर के बाद यह विवाद शुरू हुआ। घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि विवाद के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस बीच, शांति बनाए रखने और हिंसा को रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को भी तैनात किया गया है। हरिहर पेट इलाके में गाडगे महाराज की प्रतिमा है।

## AI के गॉडफादर और अमेरिकी वैज्ञानिक को फिजिक्स का नोबेल

**सैन फ्रांसिस्को, (एजेंसी)।** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआइ) की कल्पना को सच करने वाले तीन वैज्ञानिकों को टूरिंग अवार्ड से नवाजा गया है। इसे तकनीक की दुनिया का नोबेल माना जाता है। बुधवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कंप्यूटर वैज्ञानिक योशुआ बेंगियो, जेफ्री हिंटन और यान लीकन को दस लाख डॉलर (करीब 6.91 करोड़ रुपये) का नकद इनाम भी दिया गया है जिसे गूगल ने फंड किया था। हिंटन गूगल के उपाध्यक्ष हैं जबकि लीकन फेसबुक में एआइ के प्रमुख वैज्ञानिक हैं। बेंगियो यूनिवर्सिटी ऑफ मॉन्टियल में प्रोफेसर हैं। टूरिंग अवार्ड देने वाले एसोसिएशन फॉर कंप्यूटिंग मशीनरी के



अध्यक्ष चेरी पैनकेक ने कहा, 'विज्ञान से जुड़े हर क्षेत्र में एआइ तकनीक का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है। यह आम लोगों में चर्चा का मुख्य मुद्दा बन गया है।' ये तीनों वैज्ञानिक करीब 30 साल से एक-दूसरे को जानते थे। पहले ये अलग-अलग शोध कर रहे थे। बाद में इन वैज्ञानिकों ने साथ मिलकर एआइ तकनीक को विकसित कर दिखाया।

## संपादकीय

# नशीले पदार्थों का कारोबार दवा के माध्यम से सबसे खतरनाक दौर पर



*मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में गुजरात की एटीएस और दिल्ली स्थित नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड की संयुक्त टीम ने 907 किलो,1814 करोड रुपए कीमत की एमडी ड्रग्स बरामद की है। कुछ दिन पहले दिल्ली पुलिस ने 5600 करोड रुपए की एमडी ड्रग्स बरामद की है। दिल्ली पुलिस ने इसका मास्टरमाइंड तुषार गोयल को बताया है। एक सप्ताह के अंदर 7474 करोड रुपए की ड्रग्स बरामद होने से देश में राजनीतिक हलकों में तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। पंजाब के अमृतसर में भी हजारों करोड रुपए की ड्रग्स बरामद हुई है। अमृतसर एयरपोर्ट में पकड़े गए अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स सिंडिकेट के प्रमुख जतिन्द्र सिंह की निशानदेही पर अमृतसर से नेपाल तक फैले नशे के कारोबार का बड़ा खुलासा हुआ है। गुजरात के मुद्रा पोर्ट से कुछ महीने पहले 23000 करोड रुपए से अधिक के नशीले पदार्थों की खेप पकड़े जाने का मामला उजागर हुआ था। इस मामले को बड़ी तेजी के साथ दबा दिया गया था नारकोटिक्स विभाग ने भी छुपी साध ली थी। केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने भी इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया था। मीडिया ने भी उसे समय इस मामले को दवा लिया था। गुजरात के रास्ते से सारे देश भर में नशीले पदार्थों का कारोबार बड़ी तेजी के साथ पिछले कुछ वर्षों में फैला है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने नशीले पदार्थों के कारोबार को चुनाव का मुद्दा बनाया। इसके पहले पंजाब विधानसभा के चुनाव मे उड़ता पंजाब युवाओं में नशे की आदत को लेकर यह मामला प्रकाश में आया था। जिसमें युवाओं को नशे की लत में डालने की बात कही गई थी। मुद्रा पोर्ट में जो नशीले पदार्थ जप्त हुए थे। उसको लेकर नारकोटिक्स विभाग और केंद्र सरकार ने आज भी चुप्पी साध रखी है। अब एक बार फिर नशीले पदार्थों की तस्करी का मामला तूल पकड़ने लगा है। अफगानिस्तान, पाकिस्तान के रास्ते, गुजरात होते हुए, भारत में नशीले पदार्थों का कारोबार बड़ी तेजी के साथ सभी राज्यों में फैला है। नशीले पदार्थों से दवा कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर दवाइयां तैयार कर नशीली दवाइयां बेची जा रही हैं। ड्रग्स की गोलियां तैयार कर दवा के रूप में नशीले पदार्थों का कारोबार बड़े पैमाने पर स्कूल,कॉलेज,दवा की दुकानों से खुले आम हो रहा है। हर छोटे बड़े शहरों में नशीले पदार्थों का कारोबार करने वाले गैंग सक्रिय हो गए हैं। जो युवाओं को नशे की लत डालकर भारी कमाई कर रहे हैं। नशीले पदार्थों का कारोबार करने वाली गैंग स्कूल, कॉलेज,हॉस्टल तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों में बड़े पैमाने पर ड्रग्स उपलब्ध करा रही है। एक बार नशे की लत लग जाती है। उसके बाद इस मनमाने कीमत पर बेचा जाता है। गुजरात के गृहमंत्री हर्ष सिंह संघवी ने 1814 करोड रुपए की ड्रग भोपाल से बरामद करने की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से दी। गुजरात एटीएस पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो दिल्ली ने भोपाल पुलिस को इसकी खबर नहीं लगने दी।*

# समय चक्र अब तेज घूम रहा है




दिलीप मिश्रा
9329383048
Di.ippmishra.guruji@gmail.com

और फिर निरंतर आगे की ओर बढ़ रहा है और समय के साथ ही सारी चीजे भी अपना रंग बदल रही है। क्योकि बदलाव समय का मिजाज है। जो आगे की और बढ़ता ही जाएगा। क्योंकि कुदरत का यही कानून है। अब यही देखिए कि इस भारत भूमि पर कभी राम ने जन्म लिया था, जिन्होंने उस वक्त के सबसे बड़े आतताई रावण और उसकी बेलगाम सेना जो आम मनुष्यों पर अत्याचारों की नित नई नई कहानियां लिख रही थी। उसको समूल नष्ट करने का काम किया था। और उन जनजातियों को साथ लेकर जिन्हें उस वक्त सर्वहारा कहा जाता था, जिनके पास जीवन जीने के साधनों का ही अभाव हुआ करता था। उन सर्वाधिक अभावग्रस्त दलित एवं पिछड़े लोगों को संगठित करके उनको प्रशिक्षित करके इतना शक्तिशाली बना दिया था कि उन लोगों ने स पूर्ण ब्रह्मांड की सर्वाधिक शक्तिशाली फौज को पराजित करने के काम किया था, जिसने इद्रलोक पर भी कब्जा कर लिया था। मगर जब समय बदला और उनके अत्याचारों से पृथ्वी का दिल दहलने लग, तब थोड़े ही दिनों में उस ब्रह्मांड विजयी फौज का विनाश हो गया और रावण भी बेमौत मारा गया था। तब भी उसके ज्ञान की कोई जोड़ नहीं थी। वह जब घायलावस्था में मैदान में पड़ा हुआ अंतिम सांसे ले रहा था, तब मर्यादा पुरुषोतम श्रीराम ने लक्ष्मण को उसके पास राजनीति की कुछ खास बाते सीखने के लिए भेजा था, जो उसके सिरहाने जाकर खड़े होकर उससे वार्तालाप की कोशिशें करने लगे थे. तब वह आंखे मूंदे हुए ही पड़ा रहा, कुछ भी नहीं बोला। जब लक्ष्मण लौटकर राम के पास गए, तब राम ने पूछा कि उसने राजनीति के संबंध में क्या बताया। जब लक्ष्मण ने पूरा कि तुम उसके किस अंग के पास खड़े हुए थे, जब लक्ष्मण ने कहा कि सिरहाने खड़े हुए थे, तब राम ने लक्ष्मण को हिदायत दी कि उसके पैरों के पास खड़े होकर अपना परिचय देकर प्रणाम करने के बाद फिर प्रश्न करना। तब लक्ष्मण ने वैसा ही किया, तब रावण ने उन्हें राजनीति करने का ज्ञान दिया था, जिसमें मु य बात यह थी कि जो तय करो, उस पर तुरंत ही अमल करो, तभी काम बन सकता है। अगर कार्य को टाल दिया गया, तब मामला लाइन पर आने की बनिस्बत उसके बिगड़ने की ही अधिक संभावना रहती है. अगर मैं समय पर स्वर्ग में सीढ़ी लगा देता तब आज हमारी यह दुर्दशा नहीं होती और मैं स्वर्ग में बैठा हुआ जिंदगी का मजा ले रहा होता। इसी प्रकार द्वापर युग में ताकत के नशे में चूर होकर जो उत्पात कौरवों ने मयाया था और उनका दावा था कि तीनों लोकों में उनकी बराबरी करने वाला आज कोई नही बचा है। जब सोलहअवतारी योगेश्वर कृष्ण खुद पाण्डवों के साथ है, फिर भी हम उनको पराजित करने की जंग लड़ रहे हैं तो फिर और कोई हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। मगर महज 18 दिनों के महाभारत युद्ध में ही उनका सर्वनाश हो गया था। अतः मनुष्यों को अपने जामें में रहकर जनता की सेवा करने का जो उसको अवसर मिला हुआ है, उसका सदुपयोग करना चाहिये। अगर वैसा आचरण नहीं करते हुए अपने अहम के चलते सत्य को झूठलाते हुए झूठ को महज खड़ा करके खुश होते रहे, तब तय है कि ऐसा करने वाले का पतन बहुत ही भीषण हो सकता है। यह जो 15 लाख लोगों के बैंक खातों में जमा करवाने सहित नाना प्रकार के वादे करके केंद्र एवं प्रांतों की हुक्कामी में आए थे। वह ताकत के घमंड में चूर होकर अपना आपा खो बैठे और जनता की सेवा करने, उसकी तकलीफे दूर करने का अपना मकसद ही भूल बैठे हैं। उनका भी पतन अब करीब है,क्योकि इन्होंने जहां जनता जर्नादन को धोखा दिया है, वहीं हर जगह मौजूदा ईश्वर को भी धोखा दिया है। अतः अब इनके पतन का समय आ गया है। जिसमें इनकी दुर्दशा होने से अब कोई भगवान भी इनको नहीं बचा सकेगा। और इनके पतन की दास्तान लोग बाग चटकारे लेकर एक दूसरे को सुनाया करेंगे।

चल रहा है समय चलता जाएगा।
इक नया पैगाम सबको लाएगा।।
जो रहा जामे में वो तर जाएगा।
जिसने पागलपन किया, मिट जाएगा।

कबीरा समय की नजाकत को पहचान चुका है।

## कहानी

# माँ का आँचल



गाँव के छोर पर एक पुराना सा घर था, जिसके चारों ओर मिट्टी की दीवारें और एक छोटा सा आंगन था। घर के अंदर एक बूढ़ी माँ, रुक्मिणी, चुपचाप अपने कमरे के कोने में बैठी थी। उसकी आंखें बाहर की ओर लगी खिड़की पर टिकी थीं, मानो किसी का इंतजार कर रही हों। उसकी सूखी हुई आंखों में उम्मीद का एक छोटा सा दीपक टिमटिमा रहा था, जो बरसों से बुझने के कगार पर था। रुक्मिणी की जिंदगी अब इस छोटे से आंगन तक सिमटकर रह गई थी। वह घर के हर कोने में अपने बेटे मोहन की यादों को तलाशती रहती थी, जो पिछले पाँच साल से शहर में नौकरी करने गया था और तब से लौटा नहीं था। हर त्यौहार, हर मौसम, उसके दिल में एक उम्मीद जागती थी कि मोहन आएगा, लेकिन वह हमेशा एक उदास शाम की तरह अकेली रह जाती थी।आज दीवाली थी। गाँव में हर घर सज-धज कर रौशनी से भर गया था, मगर रुक्मिणी का घर अब भी उसी पुराने, उदास सन्नाटे में डूबा हुआ था।

वह बार-बार खिड़की से बाहर झाँकती, शायद मोहन का कोई संदेश, कोई निशान मिले। गाँव के बच्चों की चहलकदमी आंगन में गूंज रही थी। बच्चे पटाखे जलाने और मिठाइयाँ खाने में मस्त थे। उनकी खिलखिलाहटें रुक्मिणी के घर के बाहर से गुजरतीं, मानो उसके अकेलेपन का मखौल उड़ा रही हों। रुक्मिणी ने धीरे से अपने पुराने संदूक को खोला। उसमें मोहन का पुराना कुर्ता रखा था, जो वह बचपन में पहना करता था। कुर्ते पर जगह-जगह सिलाइयाँ थीं, जो रुक्मिणी ने खुद अपने हाथों से की थीं, जब मोहन गिरकर फट जाता था। उसने कुर्ता अपने हाथों में उठाया और उसकी तह खोलने लगी, मानो वह पुराने दिनों की सिलाइयों में अपने बेटे के बचपन की मासूमियत को फिर से महसूस कर रही हो। उसकी आंखों से अचानक आंसुओं की बूंदें उस कुर्ते पर गिर पड़ीं। वह बड़बड़ाई, मोहन... तू कब आएगा? तेरी माँ अब बूढ़ी हो चली है, बेटा। क्या तुझे मेरी याद नहीं आती? तभी दरवाजे पर एक हल्की दस्तक हुई। रुक्मिणी चौंकी। उसकी आंखों में एक नई चमक आ गई। क्या ये मोहन हो सकता है? वह तेजी से दरवाजे की ओर दौड़ी, मगर दरवाजा खोलते ही उसकी उम्मीद एक पल में बिखर गई। सामने गाँव का डाकिया खड़ा था। माँ जी, आपके लिए चिट्ठी आई है, डाकिये ने एक चिट्ठी उसकी ओर बढ़ाते हुए कहा। रुक्मिणी ने कांपते हुए हाथों से चिट्ठी ली। यह मोहन की चिट्ठी थी। उसकी धड़कनें तेज हो गईं, और उसने जल्दी से चिट्ठी खोलकर पढ़ना शुरू किया। माँ, इस बार दीवाली पर भी मैं नहीं आ पाऊँगा। शहर में काम बहुत बढ़ गया है और छुट्टी मिलना मुश्किल है। आप अपना ध्यान रखना और दीवाली अच्छे से मनाना। जब समय मिलेगा, तो मैं जरूर आऊँगा। आपका बेटा, मोहन। रुक्मिणी ने चिट्ठी को हाथ में थाम लिया और कुछ देर तक चुपचाप खड़ी रही। उसकी आँखों में अब आंसू नहीं थे, बस एक गहरी चुप्पी थी, जो पूरे घर में फैल गई थी। वह धीरे-धीरे आंगन में आई और वहां रखे दीये को उठाया। उसने दीया जलाने की कोशिश की, लेकिन हाथ कांपने लगे। दीया बुझ गया। उसने फिर से कोशिश की, लेकिन इस बार भी दीया जल नहीं पाया। तभी पड़ोस की छोटी बच्ची सुमन आंगन में आई। वह रुक्मिणी के पास आई और बोली, माँ जी, आप रो क्यों रही हैं? रुक्मिणी ने अपने आंसुओं को पोंछते हुए कहा, नहीं बिटिया, मैं रो नहीं रही। बस दीया जल नहीं पा रहा। सुमन ने मुस्कुराते हुए दीया अपने हाथों में लिया और उसे जला दिया। देखो माँ जी, अब तो जल गया न? रुक्मिणी ने सुमन की ओर ेखा और हल्की सी मुस्कान के साथ उसका सिर सहलाया। तू तो बड़ी प्यारी बच्ची है, सुमन। सुमन ने अपनी छोटी-छोटी आँखों में भोलेपन के साथ कहा, माँ जी, आप भी मेरे साथ दीवाली मनाओ। हमारे घर आओ, माँ ने बहुत सारी मिठाइयाँ बनाई हैं। रुक्मिणी ने उसकी बात सुनी, लेकिन मन में एक गहरी पीड़ा छुपी हुई थी।

नहीं बेटा, तू जा। मैं यहीं ठीक हूँ। सुमन ने जिद करते हुए उसका हाथ पकड़ लिया। नहीं माँ जी, आप चलो ना! सब आपको याद करते हैं।

रुक्मिणी ने एक क्षण के लिए सोचा, फिर धीरे-धीरे उसके साथ चलने को तैयार हो गई। गाँव की गलियों में चलते हुए, उसे अपने पीछे छूटते आंगन का अहसास हो रहा था, लेकिन साथ ही उसकी आंखों में एक नई रोशनी भी थी। जब वह सुमन के घर पहुंची, तो वहाँ रौनक का माहौल था। बच्चे खेल रहे थे, मिठाइयाँ बँट रही थीं, और सभी दीयों की जगमगाहट में खोए हुए थे। सुमन की माँ ने रुक्मिणी को देखा और हंसते हुए कहा, आओ, आओ रुक्मिणी दीदी। इस बार मोहन नहीं आया क्या? रुक्मिणी ने मुस्कुराने की कोशिश करते हुए कहा, नहीं, इस बार भी नहीं आ पाया। सुमन की माँ ने उसे पास बैठाया और मिठाई का एक थाल उसकी ओर बढ़ाते हुए कहा, कोई बात नहीं, मोहन के लिए मिठाई हम भिजवा देंगे। इस बार आप हमारे साथ दीवाली मनाओ।रुक्मिणी ने थाल से एक लड्डू उठाया, लेकिन उसका मन कहीं और था। वह हर ओर रौनक देख रही थी, लेकिन उसके दिल में एक खालीपन था, जिसे कोई मिठाई, कोई दीया नहीं भर सकता था। उस रात, जब रुक्मिणी वापस अपने घर लौटी, तो उसके हाथों में सुमन की दी हुई मिठाई और दिल में एक अजीब सा सुकून था। उसने अपने आंगन में जाकर दीया जलाया और मोहन का कुर्ता फिर से अपनी गोद में रखा। वह जानती थी कि मोहन अब भी दूर था, लेकिन उसके दिल में एक आशा थी कि एक दिन वह जरूर लौटेगा। और उस रात, पहली बार रुक्मिणी के घर का दीया बिना बुझा पूरी रात जलता रहा।

**सागर यादव जख्मी**

# शादी के बाद दूसरा अध्याय

शादी, भारतीय समाज में सबसे पवित्र और महत्वपूर्ण मानी जाती है। इसे जन्म-जन्मांतर का बंधन कहा जाता है, और लोग बड़े गर्व से कहते हैं, शादी सात जन्मों का रिश्ता है। लेकिन जब इस पवित्र बंधन के बाद पति-पत्नी का जीवन एकरस हो जाता है, तो कई बार लोग इस सात जन्मों के रिश्ते से पहले ही नए अध्याय की तलाश में निकल पड़ते हैं—वह है शादी के बाद का अफेयर। हाँ, यही वह दूसरा अध्याय है, जिसे बड़े लोग मध्यांतर भी कहते हैं। शादी के कुछ सालों बाद पति और पत्नी की जिंदगी में वह रोमांच खत्म हो जाता है, जो शुरुआत में था। सुबह उठो, बच्चों को स्कूल भेजो, ऑफिस जाओ, शाम को लौटो, और फिर वही रटी-रटाई दिनचर्या। इस एकरस जीवन से ऊबकर जब किसी की आंखें इधर-उधर घूमने लगें, तो समझिए कि उसके जीवन में अध्याय दो की शुरुआत हो रही है। अब जब पति या पत्नी को यह दूसरा अध्याय समझ में आता है, तो वे उसे बड़े ही गोपनीय तरीके से शुरू करते हैं। पति ऑफिस में किसी सहकर्मी के साथ अतिरिक्त मीटिंग में व्यस्त हो जाता है, और पत्नी योगा क्लास में किसी ट्रेनर के साथ अतिरिक्त समय बिताने लगती है। दोनों को पता होता है कि उनके जीवन में कुछ नया चल रहा है, लेकिन घर में सब कुछ सामान्य बनाए रखने का नाटक भी उतना ही जरूरी है। एक दिन पत्नी ने पति से पूछा, तुम हर हफ्ते इतने व्यस्त क्यों हो जाते हो? तुम्हारे ऑफिस में अचानक इतनी मीटिंग्स कैसे होने लगीं? पति ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, अरे, प्रोजेक्ट बहुत बढ़ गए हैं। काम का बोझ है, क्या करें? पति मन ही मन सोच रहा था, सच में, प्रोजेक्ट तो बढ़ गए हैं, पर ये प्रोजेक्ट घर के नहीं, बाहर के हैं। इसी बीच पत्नी भी अपने योगा ट्रेनर के साथ व्यस्त रहती है। वह जब योगा क्लास से लौटती है, तो चेहरे पर अलग ही चमक होती है। पति ने एक दिन पूछा, तुम्हारी सेहत अचानक इतनी अच्छी कैसे हो गई? पत्नी ने बड़े आत्मविश्वास से कहा, योगा कर रही हूँ, इसलिए शरीर में ऊर्जा आ गई है। पति मन ही मन सोच रहा था, यह ऊर्जा योगा की नहीं, किसी और बात की है। समाज में ये नए रिश्ते बड़ी चतुराई से चलते हैं। हर कोई जानता है कि कुछ न कुछ गड़बड़ चल रही है, पर सब चुप रहते हैं, क्योंकि आखिरकार, सब अपनी-अपनी गाड़ी चला रहे हैं। अफेयर का मतलब यह नहीं कि शादी टूट जाएगी, बल्कि यह शादी के एकरसता से बाहर निकलने का वह मध्यांतर है, जिससे जीवन फिर से थोड़ा रोमांचक हो जाता है। अब सवाल उठता है कि ये सब समाज में स्वीकार्य क्यों है? जवाब आसान है—हमारा समाज दिखावा करना पसंद करता है। लोग इसे ऐसे निभाते हैं, जैसे कोई बड़ा राजनैतिक खेल हो, जहां सबको पता है कि नियमों का उल्लंघन हो रहा है, लेकिन फिर भी खेल चलता रहता है। पति और पत्नी दोनों अपने-अपने अध्याय दो में व्यस्त रहते हैं, और समाज अपनी आंखें मूंदकर यह मान लेता है कि सब कुछ ठीक चल रहा है।

**सागर यादव जख्मी**

# मां की आराधना का पर्व का तरीका बदल गया

त्योहारों में भक्ति कम, दिखावा और स्वार्थपूर्ति का खेल नजर आ रहा है। भगवान की प्रतिमा का कद बढ़ती महंगाई को भी मात दे रहा है। आधा किलोमीटर के दायरे में चार-पांच जगह आयोजन होने लगे हैं। इसके लिए चंदा वसूली का खेल लोगों की जेब ढीली कर रहा है। राजी-मर्जी से दे दो, नहीं तो जोर-जबरदस्ती से भी वसूला जा सकता है। त्योहारों पर राजनीति करने वालों का कब्जा हो गया है। भक्ति-भाव के आयोजन अब मनोरंजन और वसूली के साधन बनकर आबोहवा के लिए भी नुकसानदायक हो गए हैं। डीजे के कारण ध्वनि प्रदूषण चरम पर है।

वैसे तो सालभर कोई न कोई उत्सव मनता रहता है, लेकिन कुछ ऐसे हैं जो सात से दस दिनों तक मनाए जाते हैं। गणेशोत्सव, नवरात्रि, दशहरा जैसे त्योहार भक्ति, एकता और शालीनता के पर्व हुआ करते थे, लेकिन अब इनमें भक्तिभाव कम, दिखावा, मनोरंजन, फूहड़ता और कमाई का जरिया बन गया है। एक महीने पहले चंदा उगाही में लगे लोगों को राजी-मर्जी से पैसा दे दो तो ठीक, वरना जोर-जबरदस्ती भी की जाती है। गणेश चतुर्थी, नवरात्रि और दशहरा ऐसे उत्सव हैं, जो भक्तिभाव और मन को शांति देते हैं, लेकिन अब इन पर राजनीतिक रंग चढ़ने गया है। कई बार गरबों में छेड़छाड़ और लड़कियों को अगवा करने जैसी घटनाएं भी हो जाती हैं। शालीनता की जगह फूहड़ता नजर आने लगी है। एक गली में तीन-चार जगह कार्यक्रम हो रहे हैं और होड़ के चलते झगड़े की स्थिति भी बनती है। उत्सव समाप्ति के बाद इन प्रतिमाओं को रोक के बाद भी नदियों में बहाया जाता है, जिससे पानी प्रदूषित होता है और यहां के जीव-जन्तु का जीवन भी खतरे में पड़ रहा है। ऐसे में यह कहना भी गलत नहीं होगा कि शालीनता के इन उत्सवों को मनाने का तरीका ही बदल गया है।



### इतना बड़ा कद...

पन्द्रह-बीस साल पहले शहर में गणेश और दुर्गा प्रतिमा दो से तीन फुट की हुआ करती थी, लेकिन अब इनका कद इतना बढ़ गया कि इन्हें निर्माण स्थल से लाने में सड़क पर लटक रहे बिजली के तारों को भी बांस से ऊपर करना पड़ता है। पहले इन्हें छैला या छौटे वाहनों पर लाया जाता था, अब ट्रक-ट्रैक्टर से लेकर ट्राले का भी उपयोग होने लगा है। खास बात तो ये है कि इन्हें विसर्जन करने के लिए नदी या बरसाती गड्डों में छोड़ा आता है। कई बार तो इन प्रतिमाओं के अवशेष गड्ढों के आसपास पैरों तले दबते देखा गया है। जिन्हें हम श्रद्धा से पूजते हैं, उनकी इस तरह कुदर कहां की भक्ति है। प्रतिमा भले ही छोटी हो, लेकिन भक्ति करने वाला दिल बड़ा होना चाहिए। इसमें मनोरंजन और फूहड़ता का समावेश न हो।

### चुनरी पर धूल की परत ...

आराध्य मां दुर्गा की भक्ति जितनी दिल से की जाती है, उससे मन को शांति और मां की कृपा अधिक होती है। बदलते दौर में नवरात्रि महोत्सव मनाने का चलन भी बदलता जा रहा है। हाइटेक होते इन उत्सवों में ऐसे फिल्मी गीत बजते हैं, जिन्हें सुनकर शर्म महसूस होती है। यहां तक तो ठीक है, कई बड़े आयोजक इसे व्यवसायिक रूप में मनाते हैं। मोटा पैसा लेकर एंट्री देते हैं, जहां शालीनता तो कम फूहड़ता ज्यादा होती है। यही कारण है कि ऐसी जगहों पर छेड़छाड़ और झगड़े जैसी घटनाएं ज्यादा होती हैं। अब मां को चुनरी चढ़ाने का चलन कुछ ज्यादा ही हो गया है। नारी के लिए दस फुट की साड़ी पर्याप्त है, लेकिन 50 से 100 फीट की चुनरी चढ़ाई जाती है, जो बाद में मंदिरों में धूल की परत में दबी रहती है। इसका सही उपयोग हो तो ठीक बरना फिजूल खर्ची तो है ही। यदि चुनरी के बजाए गरीब कन्याओं को वस्त्र, शिक्षा सामग्री दी जाएं तो मां भी खुश और कन्याएं भी।

### त्योहारों पर नैताओं का कब्जा..

पहले लोग अपने मोहल्ले में ही स्वयं के खर्च से इन त्योहारों को शालीनता से मनाते थे, लेकिन अब इन पर राजनीतिक रंग चढ़ गया। वोट बैंक को मजबूत करने के लिए नेता अपने इलाके में बड़ा पांडाल लगाकर कार्यक्रम करवाते हैं, साथ में भंडारे का भी आयोजन होता है। पूरे आठ से दस दिन हजारों लोगों के खाली पेट भर जाता हैं। भला हो उन नेताओं का जो अपनी काली कमाई के हिस्से में से थोड़ा खर्च कर लोगों पर खर्च कर रहे हैं, इससे उन गरीबों को तो आठ-दस दिन अलग-अलग प्रकार के भोजन का स्वाद चखने को मिल जाता है। भक्ति ऐसी हो -

### खुदी को कर तू बुलंद कि खुदा पूछे कि बंदे बता तेरी रजा क्या है...!

मतलब भक्ति में द्या, त्याग, तप का समावेश होगा, तब ही ईश्वर आप से खुश होगा। लोहा आग में तप कर ही नया आकार लेता है, उसी प्रकार शरीर से मन की बुराईयों का त्याग करने पर ईश्वर की अनुभूति हो पाएगी। रावण का पुतला फूंकने से नहीं, मन के अंदर छुपी बुराई के रावण को जलाना होगा, तब ही सही मायने में भक्ति कारगर होगी। वरना हर बरस मनाते रहो नवदुर्गा उत्सव, गणेश चतुर्थी, दशहरा मनोरंजन के लिए, हाथ कुछ नहीं लगेगा।

**–जगदीश कटारिया**

## पंजाब ग्रिल की फेस्टिव नवरात्रि थाली के साथ आनंद लें



इंदौर। नवरात्रि का नौ दिवसीय त्योहार पूरे भारत में मनाया जा रहा है, ऐसे में कई लोग सात्विक भोजन का आनंद ले रहे हैं, जो शुद्ध और पौष्टिक होने के साथ शरीर और आत्मा दोनों को पोषण देता है। थाली में कई स्वादिष्ट व्यंजन शामिल हैं जैसे खोया पनीर मखाना, जिसमें मुलायम पनीर और मखाने को एक समृद्ध मलाईदार ग्रेवी में पकाया जाता है, अनारी शाही जीरा आलू, एक खट्टे-मीठे आलू का व्यंजन, जिसमें अनार के दाने और जीरा स्वाद का फटाका बनाते हैं।

खट्टा मीठा कद्दू, एक मीठे और खट्टे कद्दू का व्यंजन, जिसमें जेस्ट और मिठास का सही संतुलन है। चिरौंजी की दाल चिरौंजी के बीजों की सुगंधित नटी स्वाद के साथ आरामदायक और भूमि से जुड़ी स्वादिष्टता प्रदान करती है। हल्का और फूला हुआ समक चावल, व्रत का मुख्य भोजन, इन व्यंजनों के साथ पूरी तरह मेल खाता है, और साथ में साबूदाना पापड़ का कुरकुरा स्वाद भोजन का मज़ा और बढ़ा देता है।

नवरात्रि थाली के अलावा, पंजाब ग्रिल कानपुर, इंदौर, लखनऊ और अहमदाबाद में अपने रेस्तरां में विशेष शुद्ध शाकाहारी मेनू* भी पेश कर रहा है। इस मेनू का प्रत्येक व्यंजन शुद्धता और सरलता के सिद्धांतों को सम्मानित करता है, जिससे भोजन करने वाले एक संपूर्ण पौष्टिक और स्वादिष्ट अनुभव का आनंद ले सकते हैं।

## हाथों में तलवार थामें नारी शक्ति ने किया प्रदर्शन, स्वयं की सुरक्षा का लिया संकल्प

**सुसनेर।** शारदीय नवरात्र पर्व के चलते प्रतिदिन मां दुर्गा की आराधना गरबे से की जा रही है। नगर की महिलाओ ने हाथो में तलवार थामें शक्ति का प्रदर्शन किया तो वही इतवारीया बाजार स्थित दुर्गा पंडाल में दुर्गावाहीनी की बहनो के द्वारा दंड चलाते हुएं विभिन्न प्रकार की प्रस्तुति दी गई और स्वयं की रक्षा का संकल्प लिया। उन्होने कहां की हमें शास्त्रो के साथ-साथ अब शस्त्र उठाने के लिए सार्मथ्यवान बनना पडेगा। इसलिए हम इसको लेकर अपने आपको को तैयार कर रहे है। सुसनेर की हरिनगर कॉलोनी मे उत्सव गरबा ग्रुप द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव मे बड़ी संख्या मे महिलाओ ने हाथो में तलवारे थामकर गरबा किया। तलवारे लहराती महिलाओ द्वारा किए गए इस गरबा नृत्य को देखने के लिए बड़ी संख्या मे श्रद्धालू भी पहुँचे तो वही इतवारिया बाजार में स्थापित किये गए दुर्गा पंडाल में दुर्गा वाहिनी की बहनों के द्वारा आकर्षक गरबे की प्रस्तुति देकर शक्ति का प्रदर्शन किया गया। उसके पश्चात समिति के सदस्यों द्वारा दुर्गवाहिनी की बहनों का स्वागत भी किया गया। नवरात्र की सप्तमी तिथि पर शस्त्र पूजन कर नगर में भव्य पथ संचलन भी दुर्गावाहिनी के द्वारा निकाला जाएगा जिसमे बड़ी सँख्या में नारी शक्ति का परिचय देते हुए दुर्गावाहिनी की बहने शामिल रहेगी।

## कान्वेन्ट स्कूल में गरबे का आयोजन, छोटी-छोटी बालिकाओं ने दी नृत्य की प्रस्तुति

**सुसनेर।** शारदीय नवरात्र पर्व के चलते संतोष कैथोलिक हाई स्कूल सुसनेर गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छोटी-छोटी बालिकाओं के द्वारा पारम्पारिक वेशभूषा पहने नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान 2025 की निट परीक्षा उत्तीण कर मध्यप्रदेश के मेडीकल कालेज में पहुंचे विद्यालय के पूर्व विधार्थी प्रणव उपाध्याय, ध्रुव शर्मा एवं ऋतु राज राजपुत का विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर संतोष कैथोलिक हाई स्कूल के मैनेजर फादर जोजी टी डी एवं प्राचार्या सिस्टर जोसना जोस एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षकाएँ उपस्थित रहे।

## बगड़ावत धाम में सजा माता का दरबार, 10 अक्टूबर को मनेगा अष्टमी का पर्व

**सुसनेर।** शारदीय नवरात्र पर्व के चलते आगर रोद पर स्थित पुष्पक कालोनी में बगड़ावत माता का दरबार सजा हुआ है। यहा प्रतिदिन बड़ी सँख्या में श्रद्धालु धर्मलाभ लेने पहुंच रहे है। यहा बीती देर रात्रि में महाआरती के साथ ही संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया। यहा सुरेश पाटीदार बा ने बताया कि 10 अक्टूबर को महाष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। जिसमे ज्वाला मैया के रूप में मातारानी भक्तों के दुखों का निवारण करने हेतु दर्शन देंगी। अष्टमी पर यहा दूर दूर से श्रद्धालु पहुंचेंगे।

## गरबा पंडालो व देवी मन्दिरो का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**सुसनेर।** शारदीय नवरात्र पर्व के चलते बीती देर रात एसडीएम मिलिन्द ढोके, एसडीओपी देवनारायण यादव व तहसीलदार विजय सेनानी ने अपने अधीनस्थ कर्मचारी एसआई दीपक विश्वकर्मा, कस्बा पटवारी गोवर्धन शर्मा व कांस्टेबल पदम् शाक्य व ललिता शर्मा के साथ मिलकर के सुसनेर में विभिन्न जगहों पर दुर्गा उत्सव समितियों के द्वारा सजाए गए पंडालो के साथ ही गरबा पंडाल व माता मंदिरों का निरीक्षण कर समितियों के सदस्यों से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं को ज्यादा भी लिया गया।

## शीतला मैया के लिए आज निकलेगी चुनर यात्रा

**सुसनेर।** सर्वमनोकामना सिद्धी हेतु आज बुधवार को पंडित जगदीशानंद जोशी के सानिध्य में परसुलिया रोड पर स्थित विघुत मंडल के मां दुर्गा मंदिर से शीतला मैया के लिए चुनर यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें गाजे-बाजे और आकर्षक झांकियों के साथ श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होंगे। सुबह विघुत मंडल के मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के बाद 51 मीटर लम्बी चुनर यात्रा की शुरूआत होगी। जो नगर के डाक बंगल तिराहा, सांई तिराहा, पांच पुलिया, पुराना बस स्टेंड, शुकवारीया बाजार, हनुमान छत्री चोक, सराफा बाजार, इतवारीया बाजार से होते हुएं मेला ग्राउंड स्थित शीतला माता मंदिर पहुंचेगी। यहां पर नगर की महारानी शीतला मैया को 51 मीटर की चुनरी अर्पित की जाएगी। इस दौरान नगरवासियों के द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा से यात्रा का स्वागत भी किया जाएगा।

# इंदौर शहर की तर्ज पर अब जिले के ग्रामीण क्षेत्र को भी स्वच्छता में बनाया जाएगा अव्वल

**इंदौर ।** इंदौर शहर की तर्ज पर अब जिले के ग्रामीण क्षेत्र को भी स्वच्छता में अव्वल बनाया जाएगा। इस संबंध में आज यहां पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई पंचायत जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की संयुक्त बैठक में संकल्प लिया गया। बैठक में तय किया गया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत अभियान चलाकर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता संबंधी कार्य किए जाएंगे और जन जागरूकता लाई जाएगी। इस कार्य में पंचायत जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का विशेष सक्रिय सहयोग लिया जाएगा।

इस बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री भरत सिंह पटेल सहित जिले के ग्रामीण क्षेत्र के अधिकारी और जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष आदि उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि इंदौर जिले में स्वच्छ भारत मिशन का पहला चरण पूरा हो गया है। पहले चरण में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण किया गया है। साथ ही सामुदायिक शौचालय भी बनाए गए हैं। पहले चरण में इंदौर जिला देश में अव्वल रहा था। तय किया गया कि पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन की पहल पर अभियान के दूसरे चरण का भी प्रभावी क्रियान्वयन जिले में सुनिश्चित किया जाएगा। जिले को इंदौर शहर की तर्ज पर स्वच्छता में अव्वल बनाया जाएगा। बैठक में स्वच्छ भारत अभियान के तहत किया जा रहे हैं कार्यों की जानकारी दी गई। बताया गया कि जिले में स्वच्छ भारत अभियान का दूसरा चरण प्रारंभ कर दिया गया है। इसमें प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए चारों विकासखंड में मशीनीकृत मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर बनाए गए हैं। जिले में 3 हजार से अधिक आबादी वाले 102 ग्राम पंचायतों में घर-घर जाकर कचरा संग्रहण के लिए वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। श्रीमती सुमित्रा महाजन



ने कहा कि इस व्यवस्था का विस्तार किया जाए और जिले की सभी पंचायतों में घर-घर जाकर कचरा संग्रहण के लिए वाहन उपलब्ध कराए जाएं। श्रीमती महाजन ने कहा कि इंदौर शहर स्वच्छता में लगातार सात बार से अव्वल है हमारा प्रयास होना चाहिए कि जिले का ग्रामीण क्षेत्र भी स्वच्छता में अव्वल रहे। इस दिशा में सभी अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि ग्रामीणों के साथ मिलकर संयुक्त प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग/व्यवसाय आदि बड़ी संख्या में स्थापित हो गए हैं, मैरिज गार्डन, फार्म हाउस आदि बन गए हैं, गांवों का विकास शहर जैसा हो रहा है, इसको दृष्टिगत रखते हुए जरूरी है कि व्यापक कार्य योजना बनाकर स्वच्छता के कार्य व्यापक स्तर पर किये जाएं। इस संबंध में उन्होंने विस्तृत कार्य योजना जल्दी ही बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में टोलियां बनाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाएं और कार्य करें।

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि इंदौर जिले में स्वच्छता के अभियान को व्यापक स्वरूप प्रदान किया जाएगा। इसमें हर तरह का सहयोग जनप्रतिनिधियों द्वारा दिया जाएगा। किसी भी तरह की धनराशि की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि हम जिले को स्वच्छता में जरूर अव्वल बनाएंगे। सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि सबसे पहले इंदौर शहर से लगी ग्राम पंचायतों को पूर्ण स्वच्छ बनाने का कार्य हाथ में लिया जाएगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि कचरा निष्पादन की समुचित व्यवस्था के लिए जल्द ही कार्य योजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि सांसद निधि से भी संसाधन उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने ग्रामीण क्षेत्रों में किये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने जिले में किये जा रहे नवाचारों के बारे में भी बताया। श्री जैन ने बताया कि जिले में पंचायतों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वनिधि से उन्नति अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 40 पंचायतों को चिन्हित किया गया है। इन पंचायतों में विगत चार माह में दो करोड़ रुपए का राजस्व हासिल किया गया है। साथ ही जिले में अनूठी पहल करते हुए चार पंचायतों को शत प्रतिशत डिजी लॉकर युक्त पंचायत बनाया गया है। जिले में 50 और पंचायतों को शत प्रतिशत डिजी लॉकर युक्त बनाया जाएगा। श्रीमती सुमित्रा महाजन ने इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि इसका विस्तार हर पंचायत तक किया जाए। इस कार्य में कॉलेज के विद्यार्थियों का भी सहयोग लिया जाए। श्री सिद्धार्थ जैन ने उद्योग विहीन ग्राम पंचायतों में स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए किये जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी। उन्होंने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित किये जा रहे हैं आदर्श मोक्ष धाम के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि जिले की 26 ग्राम पंचायतों में आदर्श मोक्ष धाम बनाये जा रहे है। इन मोक्ष धामों में शव दाह शेड, शोक सभागृह, पौधारोपण, पहुंच मार्ग, गेट, बाउण?ड्रीवाल सहित सौंदर्यीकरण के कार्य कराये जा रहे है। यह कार्य इसी माह के अंत तक पूरे हो जायेंगे।

## हज कमेटी के कुर्रा में मध्यप्रदेश के 7,107 हजयात्रियों हुआ चयन

इंदौर। हज-2025 के लिए हज पर जाने वाले हजयात्रियों के लिए सेंट्रल हज कमेटी मुंबई में कंप्यूटराइज्ड कुरआ निकाला गया। मध्यप्रदेश हज कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष रफत वारसी और इंदौर जिला हज कमेटी के जिलाध्यक्ष राशिद शेख ने बताया हज 2025 के लिए मध्यप्रदेश के 9 हजार 891 हज यात्रियों को रेंडम होने वाले कुरआ में शामिल किया गया।



जिसमें 7 हजार 107 बंदों का सिलेक्शन हुआ। इसके साथ 2 हजार 784 लोगों को वेटिंग लिस्ट में रखा गया है।जिला अध्यक्ष राशिद शेख, सचिव हाजी अमान मेमन, उपाध्यक्ष सूफी आरिफ और हुसैन खान ने बताता सऊदी अरब से भारत को सवा दो लाख सीटों का कोटा मिला है, जिसमें 70 फीसदी सीटें हज कमेटी के माध्यम से और 30 फीसदी निजी टूर ऑपरेटर्स को दी जाएगी। मुंबई हज कमेटी ऑफ इंडिया के दफ्तर में किए जाने वाले कंप्यूटराइज्ड कुर्रा (लॉटरी) का लाइव प्रसारण देशभर की हज कमेटियों पर भी देखा गया।

सेंट्रल हज कमेटी ने कुरआ के साथ ही पहली किश्त जमा करने का शेड्यूल भी जारी कर दिया है। जिसके तहत आठ अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक पहली किश्त एडवांस के रूप में 1 लाख 30 हजार 300 रुपए जमा करनी पड़ेगी। इसके बाद दूसरी किश्त का शेड्यूल जारी किया जाएगा।

## इंदौर में डेंटिस्ट्स को सम्मानित किया

**इंदौर।** हाउस ऑफ Haleon की ओर से प्रमुख ओरल केयर ब्रांड Sensodyne ने 3 अक्टूबर को मनाए जा रहे वर्ल्ड डेंटिस्ट डे के अवसर पर डेंटिस्ट्स को सम्मानित करने के लिए इंडियन डेंटल एसोसिएशन के साथ गठबंधन किया है। डेंटिस्ट ओरल हैल्थ को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इस योगदान के लिए उन्हें सम्मानित करने के उद्देश्य से स्द्गठ्ठह्यशस्त्र4ठ्ठद्व और आईडीए ने एक अद्वितीय प्लेटफॉर्म का निर्माण किया है, जिस पर डेंटिस्ट डेंटिस्ट्री में हो रही अत्याधुनिक वैज्ञानिक प्रगति के बारे में बताएंगे, जिनके मरीजों के इलाज में सुधार होगा। यह प्लेटफॉर्म सीनियर डेंटिस्ट्स को डेंटिस्ट्री और समाज में उनके योगदान के लिए सम्मानित करता है। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न शहरों में अनेक चैप्टर्स का आयोजन किया गया, जिनमें से सबसे नया चैप्टर 6 अक्टूबर को इंदौर में होटल एस्सेन्टिया आयोजित हुआ। आईडीए चैप्टर में हिस्सा लेने वाले डेंटिस्ट्स को ओरल हैल्थ की समस्याओं के बारे में चर्चा करने का अवसर मिला।

## शानदार गरबा प्रस्तुति के साथ मातृशक्ति को पुरस्कार



इंदौर। खजराना स्थिति गणेशपुरी कॉलोनी में मां कामाख्या गरबा भक्त मंडल के तत्वाधान में गरबे के साथ एक से एक रंगारंग प्रस्तुतियां की जाती है जिसमें गणेशपुरी खजराना के आसपास की सैकड़ो कॉलोनी भक्ता व मातृ शक्तियों कार्यक्रम में हिस्सा लेते हैं ।

सामाजिक संस्था गणेश्वरी के रिंकू वर्मा जय वर्मा विजय वर्मा ने बताया कि गरबा महोत्सव का यहां 42 वा वर्ष है । जो भी भक्तों यह आते हैं उन्हें इनामी कूपन का वितरण किया जाता है तत्पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर चौहान वह आकाश सिसोदिया इनामी कूपन का पुरस्कार मातृशक्ति को देते हुए। यह जानकारी मां कामाख्या गरबा भक्त मण्डल के जय वर्मा व विजय वर्मा ने दी है।

# सोयाबीन का भाव कम मिलने से नाराज किसानों ने नीलामी बन्द कर नेशनल हाइवे पर किया चक्का जाम

**सुसनेर(राष्ट्रीय जनभावना)।**


सोयाबीन के भाव में कमी आने के कारण क्षेत्र कि किसानो में आक्रोश देखने को मिल रहा है। मंगलवार की दोपहर में भी आगर रोड़ स्थित सुसनेर की कृषि उपज मंडी में सोयाबीन की फसल बेचने आए किसानों ने सोयाबीन का भाव कम होने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और मंडी में चल रही फसलों की नीलामी प्रक्रिया को बंद करवा दिया। उसके बाद उज्जैन झालावाड़ नेशनल हाईवे 552- जी पर पहुंचकर के चक्का जाम लगा दिया मौके पर तहसीलदार विजय कुमार सेनानी, एसडीओपी देवनारायण यादव, थाना प्रभारी केसर राजपूत पुलिस बल लेकर



मौके पर पहुंचे और चक्का जाम कर रहे किसानो को समझाईश दी उसके बाद मंडी कार्यालय में गल्ला व्यापारीयों और किसानों से चर्चा की। उसके बाद मंडी में नीलामी शुरू की गई किन्तु फिर भाव कम होने के कारण किसानो ने नीलामी बंद करवा दी। उसके बाद मामले को शांत करने के लिए एसडीएम मिलिंद ढोके मोके पर पहुंचे और किसानो को समझाईश दी तब जाकर पुन~ मंडी परिसर में फसलो की नीलामी प्रक्रिया शुरू हो सकी। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान कुछ देर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम के कारण वाहन चालको को परेशान होना पडा तो वही 2 घंटे तक मंडी में नीलामी कार्य बंद रहा। स्मरण रहें की क्षेत्र की अन्नदाता की फसल इन दिनो मंडी में बिकने के लिए आ रही है। कडी मेहनत के दाम कम मिलने के कारण किसान हर दिन आक्रोशित हो रह है। कुछ दिनो पूर्व तुलाई में 300 ग्राम वजन प्रति क्वींटल पर व्यापारीयों के द्वारा काटे जाने के कारण किसानों ने चक्का जाम कर दिया था। उसके बाद मंगलवार को फिर से किसान सोयाबीन के भाव कम होने पर सडक पर आ गए थे।

# नवागत एवं निवृत्तमान कुलगुरु का स्वागत किया

इंदौर। शिक्षाविद डॉक्टर अनुपम जैन एवं समाजसेवी टी के वेद द्वारा आमंत्रित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से जुड़े शिक्षाविदों एवं दिगंबर ने समाज के वरिष्ठ जनों ने विश्वविद्यालय के नवागत कुलगुरु राकेश सिंघई एवं निवृत्तमान कुलगुरु डॉक्टर रेणु जैन का स्वागत किया।



इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने निवृत्तमान कुलगुरु डॉ रेणु जैन के कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके प्रयासों से देवी अहिल्या विश्व विद्यालय में भारत सरकार से जैन स्टडी सेंटर की स्थापना की स्वीकृति प्राप्त होना विश्वविद्यालय, इंदौर नगर एवं जैन समाज के लिए गौरव की बात है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉक्टर अनुपम जैन ने कहा कि इंदौर में बनने वाला जैन स्टडी सेंटर भारत का एकमात्र पहला जैन स्टडी सेंटर होगा, जिसकी स्थापना के लिए केंद्र सरकार ने 25 करोड रुपए की राशि भी स्वीकृत की है और आशा थी कि रेणुजी के कार्यकाल में ही सेंटर के लिए भवन का शिलान्यास हो जाएगा लेकिन, कुछ आवश्यक औपचारिकताएं पुरी की जाना शेष होने से विलंब हुआ है, आशा है अब नवागत कुलगुरु सिंघई के कार्यकाल में सेंटर संबंधी शेष औपचारिकताएं अविलंब पूर्ण होकर सेंटर की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। नवागत कुलगुरु राकेश सिंघईजी ने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि मैं अपनी बड़ी बहन की कुर्सी पर बैठा हूं रेणु जी मेरी बहन समान है मैं विश्वविद्यालय में उनकी परंपरा को कायम रखूंगा और जैन स्टडी सेंटर के लिए भी शेष बची सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरा करने का प्रयास करूंगा ताकि सेंटर की स्थापना के कार्य को गति मिले। समारोह में पूर्व कुलपति डॉ धाकड़, प्रोफेसर उपाध्याय, प्रोफेसर संगीता जैन, डॉ संजीव सराफ, आदित्य कासलीवाल, सुमतप्रकाश जैन, अमित जैन, राजेश जैन दद्दू, उपस्थित थे। अतिथि स्वागत टी के वेद ,डॉक्टर अनुपम जैन, अनुराग जैन, श्रीमती पुष्पा कासलीवाल, हंसमुख गांधी एवं डॉक्टर जैनेन्द्र जैन ने किया। आभार विजय बड़जात्या ने माना ।

## श्रीकृष्ण टाकीज पर चरित्रहीन असुर के पुतले का दहन

इंदौर। संस्था सूर्यमंच दशहरे के अवसर पर बुराई के प्रतीक के रूप में प्रतिवर्ष अलग-अलग तरह के पुतलों का दहन करता आ रही है, इसी परम्परा के अनुरूप इस वर्ष नाबालिग बच्चियों व महिलाओं को हवस का शिकार बनाने वाले बलात्कारियों को सामाजिक बुराई मानते हुए दुशकर्मी चरित्रहीन असुर के पुतले (रावण) का दहन किया जायेगा, ताकि शहरों ही नहीं अपितु सम्पूर्ण भारत में हमारी बच्चियां और महिलाएं सुरक्षित रह सके एवं शांति स्थापित रह सके।





## श्रद्धेय श्री देवेंद्र ब्रम्हचारी जी के मार्गदर्शन में संत-समागम संपन्न



इंदौर। श्रद्धेय श्री देवेंद्र ब्रम्हचारी जी के मार्गदर्शन में बिरला मातोश्री सभागार, मुंबई में संत-समागम और विश्वमैत्री महोत्सव का भव्य और ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर सकल जैन समाज के साधु-संतों का चातुर्मास हुआ, जिसमें दिगंबर, श्वेतांबर, तेरापंथी और स्थानकवासी संघ के प्रतिष्ठित साधुगणों ने भाग लिया।

उल्लेखनीय साधुओं में मुनिश्री 108 प्रणुतसागर जी महाराज (संघ), अचलगच्छाधिपति पूज्य आचार्य श्री कलाप्रभसागरसूरीश्वरजी म. सा., आचार्य श्री मतिचन्द्रसागरसूरी जी म. सा., और मुनि श्री कुलदीप कुमार जी म. सा. शामिल थे। इनके पावन सान्निध्य और आशीर्वाद से हजारों भक्तजन लाभान्वित हुए, जिन्हें इनकी अमृतमयी वाणी से दिशा मिली।

इस अवसर पर समाज और देश के लिए उल्लेखनीय योगदान देने वाले श्री गणपत कोठारी, श्री राकेश कोठारी, श्री उत्तम बाफना, श्री मनीष गोधा (इंदौर), डॉ. राहुल सुबोध साहो, श्री उत्तम शाह, और श्री प्रशांत झावेरी को समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

## महाऋर्षि वाल्मीकि जयंती पर महिला महामंडल कि विशाल यात्रा 17 को



इंदौर। नंदनी महिला सेवा संस्थान प्रभारी संध्या पथरोडं, रंजीता नरवरे खुशबू डागर, अंजली भेरवे ने बताया कि नंदनी महिला सेवा संस्थान प्रदेश अध्यक्ष रंजनाताई सुद्रास के नेतृत्व में करीबन 5 5 1 महिला महामंडल द्वारा महाऋर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह के उपलक्ष्य में माता अहिल्याबाई की प्रतिमा पर लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष आदरणीय सुमित्राताई महाजन के मुख्य आतिथ्य में केन्द्रीय महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, विधायक श्रीमती मालिनी गोड, विधायक गोलु शुक्ला के विषेश अतिथि में मां अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर पुष्पमाला अप्रित कर नंदनी महिला सेवा संस्थान की 5 5 1 महिला महामंडल विषेश रूप से उपस्थित होकर भगवान महाऋषि वाल्मीकि कि आराधना करते हुए कृष्णपुरा छात्री, कोठारी मार्केट, रिगल चोराहा पर महा आरती होगी जिसमें मुख्य रूप से केबिनेट मंत्री केलाशजी विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया एकतावादी राष्ट्रीय अध्यक्ष नाना साहेब गंगाराम इंदिशे मुम्बई, विधायक रमेश दा मेंदौला, महापौर पुष्प मित्र भार्गव यात्रा संयोजक संदीप गोयल उपस्थित होंगे

## रामबाग दशहरा उत्सव समिति द्वारा 101 फीट ऊंचे रावण का दहन किया जायेगा



इन्दौर (नवीन मौर्य) । रामबाग दशहरा उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 101 फीट ऊंचे रावण का और 350 फीट लम्बी लंका का दहन किया जायेगा। रामबाग दशहरा उत्सव समिति का आयोजन इन्दौर शहर के प्रमुख आयोजनो मे एक है!

रावण की आंखें गिरगिट की तरह रंग बदलेगी !रावण को इको-फ्रेंडली मटेरियल से वाटरप्रूफ बनाया गया है! रावण दहन से पूर्व भैरव भवानी मन्दिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी और यात्रा रावण दहन स्थान पर समाप्त होगी! रावण दहन के पहले भव्य आतिशबाजी की जायेगी! रावण का दहन आटोमेटिक लेजर गन से किया जायेगा। रामबाग दशहरा उत्सव समिती संरक्षक केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सचिन गौड़ (बब्बा भैया) 15 नम्बर स्कूल के पीछे रामबाग रात्रि 8:30 बजे मुख्य अतिथि-माननीय गोलू शुक्ला विधायक क्षेत्र ऋमांक 3और पूर्व विधायक आकाश विजय वर्गीय क्षैत्र ऋमांक 3।

## तीन दिवसीय गरबा आयोजन



इंदौर। एम आई जी बी सेक्टर में नवदुर्गा जी के तीन दिवसीय के गरबा आयोजन किया जिसमें सभी रहवासियों ने उत्साह से भाग लिया जिसमें मंजू बिंदल, रेखा महोबिया, रंजना वाडीकर, नंदिनी पलसीकर, नीता जैन, वंदना मुक्तिबोध ने कार्यक्रम को सफल बनाया ।

## सिक्का स्कूल सांघी एवं बाल-वाटिका में जंगल डे मनाया



इंदौर। सिक्का स्कूल सांघी कॉलोनी एवं बाल-वाटिका में मंगलवार को जंगल डे मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका श्रीमती लीना सेबेस्टियन ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उप प्रधानाध्यापिका श्रीमती भावना पाटणकर ने बच्चों को जंगलो और पेड़ों के महत्व के बारे मे रोचक कहानियो के माध्यम से बताया। साथ ही शिक्षिकाओं ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को जंगल एवं उसमें रहने वाले जानवरों के बारे में जानकारी दी।

## आज से शुरू हो रही अतिथि विद्वानों की भर्ती प्रक्रिया

इन्दौर।उच्च शिक्षा विभाग की सरकारी कालेजों में रिक्त पदों के लिए अतिथि विद्वानों की द्विचरणीय भर्ती प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है पहला चरण आमंत्रित अतिथि विद्वानों के लिए रखा है जिसमें आमंत्रित विद्वानों को शैक्षणिक योग्यता व दस्तावेज अपलोड करना है।इसमें पहले से पदस्थ अतिथि विद्वानों को संस्थान बदलने को लेकर भी च्वाईस फीलिंग का आप्शन है।प्रकिया अनुसार एमपी आनलाइन में नौ से 14 अक्टूबर तक पंजीयन करवाना होंगे।दस्तावेजों को जांचने की जिम्मेदारी अग्रणी कालेजों की ही होगी।23 अक्टूबर तक दस्तावेज सत्यापित होंगे।24 को आवंटन सूची जारी होगी।30 अक्टूबर तक ज्वाइनिंग दी जाएगी।इसके बाद कालेजों में पद रिक्त रहने की स्थिति में नए पंजीयन करवाए जाएंगे।इसके लिए विभाग ने 25 अक्टूबर से लेकर पांच नवंबर तक आवेदन मंगाए हैं।उम्मीदवारों को शैक्षणिक योग्यता सहित अन्य दस्तावेज अपलोड करना होंगे। नवंबर के दूसरे सप्ताह से इन्हें कालेज आवंटित किए जाएंगे।







# अपराधों पर नज़र रखने के लिए पुलिस ने बनाए व्हाट्सअप ग्रुप

**इंदौर।** महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर नज़र रखने के उद्देश्य से पुलिस ने ब्रीट स्तर पर व्हाट्सअप ग्रुप बनाने का सिलसिला आरम्भ किया है जिसे भविष्य में स्कूल स्तर तक ले जाया जाएगा। पीड़ित बेख़ौफ़ होकर अपने साथ या आसपास होने वाली घटनाओं की जानकारी पुलिस थाने तक पहुंचा सकेंगे जिसमे उनकी पहचान भी गुप्त रहेगी। यह जानकारी म.प्र. पुलिस द्वारा संचालित अभियान ÷मैं हूँ अभिमन्यु÷ पर केंद्रित परिचर्चा में एडिशनल डीसीपी, महिला अपराध प्रियंका डूडवे ने दी। स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सुश्री डूडवे ने बताया कि आपराधिक कृत्यों एवं घटनाओं पर नज़र रखने के लिए विभिन्न थानों के अंतर्गत सृजन अभियान के माध्यम से व्हाट्सअप ग्रुप बनाए गए हैं जिसमें एक पुलिसकर्मी को भी जोड़ा गया है। इस ग्रुप की मेंबर बच्चियां अपने विरुद्ध हो रही छोटी-मोटी घटनाएं या अन्य जानकारी शेयर कर सकती हैं। अब इस तरह के ग्रुप स्कूल स्तर पर भी बनाने तथा पेरेंट-टीचर्स मीटिंग में भी इस अभियान की जानकारी देने पर विचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन दिनों शॉर्ट टेम्पर्ड होने की वजह से घर छोड़ने, शादी तोड़ने जैसी घटनाएं बढ़ी हैं जिसके लिए कम उम्र से ही बच्चों को सही समझाइश देना आवश्यक है। उन्होंने मोबाईल की लत को इंगित करते हुए इसे सायबर क्राइम की दिशा में बढ़ने वाला कदम बताया।

एडिशनल डीसीपी, मुख्यालय डॉ. सीमा अलावा ने कहा कि अपराधों के लिए महिलाओं एवं युवतियों को जिम्मेदार ठहराया जाता है जबकि वक़्त की जरूरत है कि हम अपने बच्चों को भी समझाएं। अब नए कानून में सख्ती कर दी गई है। नाबालिक बच्चियों को साथ ले जाना भर भी गंभीर अपराध की श्रेणी में आ गया है। उन्होंने कहा कि स्कूलिंग की उम्र में हार्मोनल चेंज होते हैं तब बच्चों को अच्छा-बुरा समझमें आने लगता है। ऐसे में इसी उम्र में सही-गलत का पाठ पढ़ाया जाना चाहिए। डॉ. अलावा ने बताया कि शिक्षा का स्तर बढ़ने से दहेज़ जैसे प्रकरणों में कमी आई है लेकिन सायबर क्राइम तेजी से बढ़ रहे हैं। संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास डॉ. संध्या व्यास ने कहा कि मैं हूँ अभिमन्यु शीर्षक से ही एक चेहरा सामने आता है और आज सबसे ज्यादा सीख-समझाइश की जरूरत युवाओं को ही है। अभिमन्यु अभियान पुलिस विभाग की बजाए जनता का जन अभियान बनना चाहिए। डॉ. व्यास ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं की शक्ति को पहचाना था इसलिए समाज को बदलने के लिए केवल सौ युवा समाज से मांगे थे। सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास शुभांगी मजूमदार ने कहा कि महिला अपराध के मामले में लीगल एडवाइज और अन्य मदद के लिए विभाग वन स्टॉप क्राइसेस सेंटर का संचालन कर रहा है। इसके अंतर्गत पीड़ित महिलाएं एवं युवतियां पांच दिनों तक सेंटर में रह सकती है। उन्होंने बताया कि इंदौर की गतिविधि को आधार बनाकर केंद्र-राज्य सरकार को ऐसी ही योजना बनाने का प्रस्ताव भेजा गया जिसे केंद्र सरकार ने मिशन शक्ति में शामिल कर लिया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य है कि महिला को अबला नहीं समझा जाए।

दिल्ली पब्लिक स्कूल, राऊ की प्रिंसिपल आशा नायर ने कहा कि घर परिवार के लोग एकेडेमिक रिजल्ट पर अधिक जोर देने लगे हैं। ऐसे में जीवन से नैतिक शिक्षा कहीं पीछे छूट गई है। उन्होंने कहा कि अब बेटी बचाओ की जगह बेटों को समझाओ आन्दोलन चलाए जाने की जरूररत है। उन्होंने बताया कि पहले अशिक्षिक और गरीब वर्ग से अपराधो की ख़बरें आती थी लेकिन अब बड़े घरों में नशाखोरी, उत्पीड़न, मारपीट की शिकायत आम हो गई हैं। आईपीएस कॉलेज आर्किटेक्चर डिपार्टमेंट की हेड डॉ. मनीता सक्सेना ने कहा कि पेरेंट्स को बच्चों की गतिविधियों पर नज़र रखना चाहिए। स्कूल के बाद होने वाली पार्टियाँ बच्चों को बिगाड़ने का केंद्र बनते जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अभिमन्यु अभियान को व्यापक स्तर पर चलाया जाना चाहिए। क्योंकि आज भी समाज में बेटी होने को बुरा माना जाता है। बचपन से बेटों को विशेष तरजीह दी जाती है जो बिगड़ने की प्रमुख वजह बनती है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि स्कूल परिसरों के बाहर नशे की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाना चाहिए। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत रचना जौहरी, सोनाली यादव, आकाश चौकसे, अभिषेक सिसोदिया, सुदेश गुप्ता एवं कुमार लाहोटी ने किया। इस अवसर पर अतिथियों ने अभिमन्यु अभियान पर केंद्रित पोस्टर्स सीरिज का लोकार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक संगठन के सदस्य और महात्मा गांधी कोचिंग इंस्टीटयूट के स्टूडेंट उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में स्टूडेंट ने वक्ताओं से प्रश्न भी पूछे।

# कान्हा नदी पर नवनिर्मित पुल का नामकरण संत गाडगे बाबा सेतु रखने की मांग



इंदौर। नगर निगम की स्मार्ट सिटी योजना के तहत मोती तबेला से शेखर उधान को जोड़ने वाले कान्हा नदि पर नवनिर्मित सेतु (पुल) का नामकरण संत गाडगे बाबा सेतु रखने कै लिए रजक समाज इंदौर की भावना को अवगत करने हेतु आज इंदौर के महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव के निवास स्थित बंगले पर रजक समाज के मध्यप्रदेश स्वच्छता बोर्ड अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री पद के महेश ढालिया व महेश सोलंकी (बबलू बैजोड) के नेतृत्व में रजक समाज के गणमान्य समाज जन शामिल हुए व महौपौर जी को ज्ञापन सौंपा गया। महापौर जी द्वारा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, रजक समाज के प्रमुख समाज जन उपस्थित रहे,जिनमें श्री बुंदेला रजक समाज इंदौर समिति के अध्यक्ष शिवलाल लश्करी, कोषाध्यक्ष पंकज बाथम वकील साहब, ईदौर नगर धोबी संघ की अध्यक्षा श्रीमती शकुंतला बुंदेला , मालवीय रजक समाज के पूर्व अध्यक्ष अनिल बारिया, पुरबिया रजक समाज इंदौर के अध्यक्ष प्रकाश सिगोडिया, कनौजिया परदेशी समाज के अध्यक्ष इंदर परदेशी, बसीटा रजक समाज के पूर्व अध्यक्ष ईश्वर चौहान वकील साहब, यशवंत लशकरी, नवीन वर्मा, देवीलाल लशकरी, अतुल आर्य, धर्मेन्द्र बुदेला, राकेश रूबल लश्करी बंटी बाथम, दिपेश लश्करी, संदीप धर्मराज लशकरी, उत्तम श्रीवास, नमित सोलंकी, राजा बुंदेला, बंशीलाल चौरसिया उपस्थित हुए।

## नवंबर में चलेगा इंदौर के स्कूलों में सृष्टि सेवा संकल्प का बीजारोपण अभियान



इंदौर। सृष्टि सेवा संकल्प, जिला इन्दौर की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य रूप से इंदौर जिले के जिला वृक्षाचार्य मनीष पांडेय, सृष्टि सेवा संकल्प के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रशांत गुप्ता, प्रदेश संपर्क प्रमुख अतुल व्यास व इंदौर संभाग संगठन मंत्री प्रवीण गुप्ता बैठक में उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रशांत गुप्ता ने कहा कि ÷तेन तक्तेन भुंजीथा÷ अर्थात त्याग पूर्वक उपभोग ही पर्यावरण संरक्षण का उपाय है। समाज में पर्यावरण के प्रति संवेदना व जागरूकता बढ़ाने हेतु अधिक समय देकर कार्य करने की आवश्यकता है। अक्टूबर माह में दुर्गा उत्सव समितियों से संपर्क एवं बीजारोपण अभियान हेतु स्कूलों से संपर्क की विशेष कार्ययोजना भी बनाई गई। बैठक में इंदौर महानगर को चार क्षेत्रों में विभाजित किया गया। और बैठक के समापन पर जिला वृक्षाचार्य द्वारा जिला व चारों क्षेत्रों की कार्यकारिणी भी घोषित की गई। पदाधिकारियों का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दी गयी।

## ''महात्मा गाँधी के जीवन दर्शन'' पर प्रदर्शनी का आयोजन



इंदौर। शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा आत्म-गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत 2 अक्टूबर 2024 को गाँधी जयंती के उपलक्ष्य में ''महात्मा गाँधी के जीवन दर्शन'' पर प्रदर्शनी का आयोजन महाविद्यालय के ग्रंथालय में किया गया। डॉ. मनोरमा अग्रवाल के संयोजन में कार्यक्रम किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य-डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रजव्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने ''गाँधी जी के जीवन-दर्शन'' पर पोस्टर बनाए, जिनकी प्राचार्य जी द्वारा प्रशंसा की गई तथा उनके जीवन-दर्शन से प्रेरणा लेने हेतु अभिप्रेरित किया।

# प्रतिभा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

इंदौर। खंडवा रोड स्थित रानी बाग मेन में नव दीवसीय नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रतिदिन गरबा किया जा रहा है, गरबा कोरियोग्राफर श्रीमती रेखा जैन के सानिध्य में किया जा रहा है।



प्रतिदिन माताजी के गरबे के साथ ही आरती और प्रसादी वितरण भी किया जा रहा है, जिसमे कालोनी के सभी उम्र के पुरुष महिलाए, युवक युवतिया, बच्चे जोर शोर से हिस्सा लेकर मां की आराधना कर रहे है।

कालोनी के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता श्री नरेंद्र सलूजा जी जो की विशेष रूप से उपस्थित थे तथा कालोनी के अध्यक्ष श्री नानक सिंह अजमानी, सचिव सुनील सहगल, कोषध्यक्ष किशोर गुप्ता, प्रसिद्ध व्यवसाई श्री हेमन्त गट्टानी, एडवोकेट अरविंद पाटीदार, शिक्षाविद साहित्यकार लेखक डॉ.संजय कुमार मालवी,श्री जैसवालजी, कमलेश सिंह ने पुरस्कार वितरण किया। साथ ही नृत्य और गायन प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण भी किया गया, जिसके निर्णायक नाद संस्थान की आदरणीय मल्हार जी, एवम श्रीमती गावड़े जी थी।अन्य प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ.संजय कुमार मालवी एवम डॉ. कमलेश सिंह चौहान थे। श्रीमती गावड़े ने बच्चो की प्रतिभा की अत्यंत सराहना की,पुरस्कार के प्रायोजक केसर साड़ी की ओर से गट्टानी जी थे।कार्यकम का संचालन रेखा जैन ने किया, स्वागत श्री अजमानी एवम श्री गट्टानी ने किया,आभार सुनील सहगल ने व्यक्त किया।

# मिशन हिफाजत: एक्सपर्ट सईद आलम ने टीचर्स को सिखाई आत्मरक्षा की तकनीकें

इंदौर। माणिक बाग रोड स्थित पाकीजा स्कूल में मिशन हिफाजत के अंतर्गत सेल्फ डिफेंस एक्सपर्ट मास्टर सईद आलम ने 20 शिक्षकों को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दी। स्कूल की प्रिंसिपल शहरबानो खान ने जानकारी दी कि 20 से 46 वर्ष की उम्र के बीच की शिक्षिकाओं ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।



उन्होंने बताया कि शिक्षिकाओं का उत्साह और ऊर्जा देखने लायक थी, चाहे वह ध्यान से सुनने का हो या अत्याधुनिक उपकरणों के साथ अभ्यास करने का।

कैंप के दौरान सईद आलम ने बचाव की नई-नई तकनीकें सिखाई, जैसे घुटने, कोहनी और हथेली के प्रहार से हमलावर को कैसे परास्त किया जा सकता है। इसके अलावा, शिक्षकों ने रियलिस्टिक डमी पर भी अभ्यास किया।

कार्यक्रम का संचालन अब्दुल राशिद ने किया और आभार सुमित्रा चंद्रवंशी ने व्यक्त किया।

नैंसी खनूजा, जो इस वर्कशॉप में शामिल थीं, ने कहा, लोग अक्सर कहते हैं कि इस उम्र में सीखने का क्या फायदा, लेकिन आलम सर की सिखाने की शैली ने हमारे अंदर नया आत्मविश्वास जगाया। आत्मरक्षा के लिए लड़ना आवश्यक है, और कैसे लड़ना है, यह सीखना और भी जरूरी है। इस वर्कशॉप से हमने कई तकनीकें सीखी हैं जो कहीं भी हमें सुरक्षित रखने में मदद करेंगी।

पलक चौधरी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, पहले मुझे संकोच हो रहा था कि सेल्फ डिफेंस टीचर्स के लिए कैसे उपयोगी होगा। लेकिन वर्कशॉप में शामिल होने के बाद मेरा डर दूर हो गया। यह तकनीकें इतनी आसान हैं कि उन्हें कम अभ्यास के बाद भी रोजमर्रा की जिंदगी में आसानी से लागू किया जा सकता है।

अमरदीप कौर ने कहा, आलम सर ने हमें दिखाया कि कैसे पानी की बोतल, दुपट्टा, चाबी, कॉपी, पेन जैसी चीजों का इस्तेमाल करके हमलावर से खुद को बचाया जा सकता है। यह सभी लड़कियों को जरूर सीखना चाहिए।

हुजैफा रजवी ने इस आयोजन को विशेष बताया, उन्होंने कहा, ÷टीचर्स के लिए इस तरह की सुरक्षा तकनीकें सिखाना अपने आप में अनूठा अनुभव था। यह ट्रेनिंग हमें आत्मविश्वास देती है और रोजमर्रा की जिंदगी में सुरक्षा के लिए बेहद कारगर है।

इरम खान, अनम खान, दरखशा अलीम खान, बुशरा फातमा, नौशीन जहां, और फरहत खान ने भी आलम सर के सिखाए गए तकनीकों को बेहद उपयोगी बताया।

## कुछ दिन और बेचैन करेगी उमस

इंदौर।देश के अलग-अलग हिस्सों में सक्रिय मौसम प्रणालियों के प्रभाव से हवा में नमी की मात्रा बढ़ी, तो मंगलवार को शहर में दिन और रात के तापमान में गिरावट हो गई।पिछले दिन के मुकाबले धूप का असर भी कम रहा, लेकिन उमस का अहसास हुआ।उमस की वजह से पसीना निकलने से लोग बेचैन हो गए। हालांकि अब भी दिन और रात का तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार नमी बढ़ने के कारण लोगों को उमस का सामना करना पड़ेगा।शहर में पिछले कुछ दिनों से मौसम शुष्क रहने के कारण अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है।इसके चलते लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।हालांकि सोमवार को हवा में नमी की मात्रा बढ़ गई, जिसके कारण तापमान में गिरावट हुई।दक्षिणी केरल के ऊपर चक्रवाती घेरा बना हुआ मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में बंगाल की खाड़ी, दक्षिण तमिलनाडु तथा दक्षिण केरल के ऊपर स्थित चक्रवाती घेरे से गुजरते हुए लक्षद्वीप तक एक ट्रफ लाइन गुजर रही है।




## लव जिहाद और चुप्पी का खेल

दोनों की कहानी एक जैसी थी। बस फर्क इतना था कि सुनीता ने जहाँ मुस्लिम लड़के से प्यार में पड़कर खुद के कई टुकडे करवाए वहीं अनीता अपने ही धर्म के लड़के के प्यार में पड़कर सुनीता जैसा हाल करवाया। बस फर्क इतना था कि सुनीता की खबर को मीडिया ने जितनी हाइप उतनी अनीता को नहीं दी। इसी को लेकर सुनीता और अनीता ऊपर की दुनिया में, आपस में बातचीत कर रही थीं। सुनीता, जो एक मुसलमान लड़के के प्यार में पड़कर लव जिहाद का शिकार हुई थी, और अनीता, जो एक हिंदू लड़के के हाथों कई टुकड़ों में बंट चुकी थी, दोनों ने एक-दूसरे से अपनी कहानी साझा करने का फैसला किया।

सुनीताः (हंसते हुए) अरे अनीता, देखो तो हमारी ज़िंदगी का क्या हाल है! मैं तो यहाँ ऊपरी दुनिया में हूँ, लेकिन मेरी कहानी तो अभी भी ज़मीन पर गूंज रही है। टीवी पर, सोशल मीडिया पर, हर जगह लव जिहाद का हायप है। सब लोग मेरी बात कर रहे हैं।

अनीता (थोड़ी निराशा से) हाँ, तुम्हारी बात तो सही है। मुझे देखो, मुझे तो कोई जानता भी नहीं। मेरे टुकड़े हुए और सब खामोश। मानो मेरे टुकड़े होने के बाद खून-मांस का मंजर न होकर पवित्र फूलों का दृश्य बन गया हो। हिंदू लड़के के इर कार्य को किसी ने नोटिस भी नहीं किया।

सुनीताः (हंसते हुए) तुमने सही कहा। मीडिया तो हमेशा से एक तरफ़ा है। जब तुम्हारी तरह एक हिंदू लड़का ऐसा करता है, तो वो तो ÷पवित्र प्रेम÷ हो जाता है। और जब मैं लव जिहाद का शिकार होती हूँ, तो जैसे पूरी दुनिया को मेरे पर जुल्म हुआ है!

अनीताः (हंसते हुए) सच में! ये लोग हमसे प्यार नहीं करते, बल्कि कहानियों को बढ़ाने का एक ज़रिया ढूंढते हैं। लव जिहाद की स्टोरी ने तो टीआरपी के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए, लेकिन मैं? बस एक संख्या बन गई।

सुनीताः (ध्यान में) अरे अनीता, तुम सोच रही हो न कि क्या होगा अगर हम दोनों की कहानियाँ उलट-पुलट कर दी जाएँ? क्या होता अगर मैं एक हिंदू लड़के के साथ होती और तुम मुसलमान लड़के के साथ?

अनीताः (हंसते हुए) तो फिर तुम्हारे साथ नाटक होता, जबकि मेरे साथ ÷पवित्र कार्य÷ का तमाशा होता! मैं तो टुकड़ों में बंटी होती, लेकिन कोई नहीं बोलता। क्योंकि मैं तो अपने धर्म में ही मर गई, है न?

ज़ेहराः (कनखियों से) और तुम जानती हो, अब तो यह भी तय हो गया है कि मीडिया और समाज को बस वही कथाएँ पसंद हैं, जो उन्हें गुद्गुदाती हैं। अगर तुम्हारे टुकड़े होते हैं, तो वो तो बस चुप रहते हैं।

अनीताः (गंभीरता से) बिल्कुल। एक बार कोई लव जिहाद की बात करे तो सबके मुँह में पानी आ जाता है। जैसे ÷क्या प्यार में कुछ नहीं होता?÷ ये सवाल तो उन्हें हिला देता है। लेकिन हम? हम तो बस एक खामोशी में खो गए हैं।

सुनीताः (सिर हिलाते हुए) और सोचो, हमारे परिवारों को भी इस बारे में कितना दर्द हुआ होगा। जब तुमने सुनने की कोशिश की, तो तुम्हारे मामले में कोई भी नहीं आया।

अनीताः (थोड़ी नाराज़गी से) और हमें बताया गया कि प्यार तो कभी गलत नहीं होता। हंसी मजाक के नाम पर हमारे साथ सख्त अनुशासन का खेल हो रहा है।

सुनीताः (मुस्कराते हुए) लेकिन देखो, हम यहाँ ऊपर हैं। हमें उन सभी पवित्र कार्यों की परवाह नहीं है। बस हमें यह समझना है कि प्यार में नफरत नहीं होनी चाहिए।

अनीताः (सहमति में सिर हिलाते हुए) सही कहा तुमने। अगर प्यार के नाम पर हमें तोड़ा गया, तो उसे प्यार नहीं, बलात्कार कहना चाहिए।

सुनीताः (थोड़ी गंभीरता से) और हम यहाँ पर हैं, यह साबित करने के लिए कि प्यार को कभी भी हथियार नहीं बनाना चाहिए। न तो मीडिया के लिए और न ही समाज के लिए।

अनीताः (हंसते हुए) और जब हम ऊपर हैं, तो हमारे लिए कोई कहानी नहीं है। बस एक हसीन ज़िंदगी है। तो क्यों न हम यह बात पूरी दुनिया को बताएं?

सुनीताः (उत्साह से) बिल्कुल! हमें बताना चाहिए कि समाज को प्यार का मतलब समझना चाहिए। हमें टुकड़ों में काटने के बजाय एकजुट होकर प्यार करना चाहिए।

अनीताः (हंसते हुए) अगर हम जिंदा होतीं तो हमारी आवाज़ उठाने के लिए कोई न कोई चैनल तो ढूंढता। लेकिन यहाँ तो हम बस हंसते हैं। चलो, हम यहाँ प्यार की एक नई परिभाषा लिखते हैं।

## साधुमार्गी जैन समता युवा संघ महामंत्री ओस्तवाल मनोनित

**जावरा ।** जावरा युवा संघ पूर्व मंत्री विहार सेवक मनीष ओस्तवाल (लोद वाला) को भीलवाड़ा राजस्थान में हुए अखिल भारतवर्षीय जैन समता युवा संघ के 62 वें वार्षिक अधिवेशन में मध्यप्रदेश युवा संघ राष्ट्रीय मंत्री मनोनित किया। मनोनयन के बाद पदाधिकारियों ने उनका स्वागत कर बधाईयां दी। समता युवा संघ अध्यक्ष पंकज ओस्तवाल ने बताया अधिवेशन में जावरा के युवा तपस्वी संभव पगारिया का भी बहुमान किया, जिन्होंने हाल ही चार्तुमास काल में मासक्षमण तप किया और अपने कर्मो की निर्जरा की। इस मौके पर संघ के अशोक छजलानी, मनीष पोखरना, मनोहरलाल ओस्तवाल, राजेश संघवी, अतुल पगारिया, युवा संघ के चिराग कांठेड़, जयेश पगारिया, अर्पण कांठेड़, विपिन पितलिया, आदर्श मेहता, अंकित भंडारी, पीयूष चपडोद, गौरव सेठिया, आशीष कांठेड, रितेश भंडारी, अमित कांठेड़, अनिल ओस्तवाल, सुयश खारीवाल, अजय पगारिया, यश चौहान, अर्पित भंडारी, अवि ओस्तवाल, हर्ष भंडारी, अजय कांठेड़, अमित वोहरा, राकेश भंडारी, श्रेयांश खारीवाल आदि ने निलेश कांठेड़ आदि उपस्थित थे।

# नशे में बालिका से पता पूछा तो बच्चा चोर समझकर कर दी पिटाई

### तेजी से सोशल मीड़िया पर बच्चा चोरी का वायरल हुआ मैसेज, रोजाना जाते हुए भटक गए थे रास्ता





**जावरा ।** शहर में मंगलवार को सुबह-सुबह बच्चे चोरी करने की अफवाह फैलते ही शहर में खौफ का माहौल पैदा हो गया। सोशल मीड़िया पर अस्तबल के तीन ईमली क्षेत्र में एम्बुलेंस में बच्चा चुराकर ले जाने वाले फर्जी वायरल मैसेज के बाद पुलिस भी हरकत में आई ओर मौके पर पहुंची।

पुलिस मौके पर पहुंची तब तक रहवासियों ने दोनों युवकों की जमकर पिटाई भी कर दी और फिर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस जांच पड़ताल में दोनों से पुछताछ की तो मामला ही पूरा बदल गया। दरअसल अख्तर निवासी हरियाणा पुना से जालंधर एम्बुलेंस की डिलीवरी करने निकला था। रास्ते में बदनावर निवासी बनेसिंह मल्हारगढ़ जाने के लिए एम्बुलेंस में बैठ गया। दोनों ने रास्ते में काफी शराब का सेवन किया। शराब के आदि होने के चलते ज्यादा शराब पीने के कारण दोनों होश में नही थे। नशे में ही वे रास्ता भटक गए। बनेसिंह ने एम्बुलेंस चालक अख्तर से कहा कि शराब ज्यादा हो गई है, रोजाना में मेरी बहन के यहां रूक जाते है। रास्ता भटकते हुए एम्बुलेंस लेकर जावरा के अंदर घुस गए और बच्चा चोरी करने के आरोप में धरा गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर शराब पीकर वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज करते हुए दोनो को जेल भेजा दिया गया।

शहर थाना प्रभारी जितेन्द्रपालसिंह जादोन ने बताया कि मंगलवार को सुबह सूचना मिली कि शहर के तीन ईमली क्षेत्र में एम्बुलेंस से बच्चा चोरी करने वाले दो लोगों को बच्चे चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा है और जनता ने उनकी जमकर कुटाई भी कर दी। सूचना पर तत्काल मोके पर पहुंचे और आरोपियों अख्तर निवासी हरियाणा तथा बनेसिंह निवासी बदनावर को पकड़कर थाने पर लेकर आए। जहां उनसे पुछताछ की गई। पुछताछ में अख्तर ने बताया कि वे पूना से जालंधर एम्बुलेंस की डिलीवरी करने निकले थे। रास्ते में बनेसिंह को किराए के लालच में बैठा लिया। रास्ते में दोनों ने शराब पी लेकिन शराब ज्यादा पीने के चलते उनसे गाड़ी ज्यादा चलाई नहीं जा रही थी। ऐसे में बनेसिंह की बहन रोजाना में रहती है तो उन्होने सोंचा की कुछ देर बहन के यहां रुक कर नशा उतरने के बाद निकलने का निर्णय लिया और दोनो जावरा के अंदर दाखिल हो गए। तीन ईमली क्षेत्र में पहुंचने के बाद उन्होने

गाड़ी को रोका और एक बालिका से रोजाना रोड़ की पुछताछ की, इस दौरान वहां कुछ बच्चे आसपास खेल रहे थे। तो उन्होने बच्चों से भी पता पूछा। इसी बीच एक स्कुटी पर सवार युवक को लगा कि दोनो बच्चों को अगवा कर ले जा रहे हैं। ऐसे में युवक ने आसपास के लोगों के साथ मिलकर गाड़ी को घेरा और आरोपियों की जमकर कुटाई कर दी और उन्है पुलिस के हवाले कर दिया।

#### दोनों आरोपियों को भेजा जेल

शहर थाना प्रभारी जितेन्द्रसिंह जादौन ने बताया कि स्कुटी सवार से भी जब मामले में पूछताछ की तो उसने कहा कि बच्चा चोरी जैसी कोई बात नही थी। यह तो किसने अफवाह फैला दी। आरोपी अख्तर और बनेसिंह पर शराब पीकर वाहन चलाने और फिर चिल्ला चोट के जुर्म में धारा 185 तथा लोक शांति भंग करने की धारा 151 के तहत प्रकरण दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्है जेल भेज दिया गया।





## मंदिरों में हो रही महाआरती, पांडालो में सांस्कृतिक आयोजन

**जावरा ।** शारदीय नवरात्रि पर्व के तहत शहर में चारों ओर गरबों की धुम मच रही है। शहर में पिपली बाजार, कमानी गेट, कोठी बाजार, मालीपुरा, स्टेशन रोड़, मोहन परिसर, गांधी कॉलोनी में गरबों की धुम मची हुई है तो वही सांस्कृतिक आयोजन भी हो रहे है। प्रतिदिन अलग-अलग तरह के गरबे लोगो को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। जहां देखने वालों की खासी भीड़ उमड़ रही है। इधर सोमवारिया-नाई गली चौराहा स्थित दुर्गामाता मंदिर में प्रतिदिन महाआरती का आयोजन हो रहा है। मंदिर में पैर रखने तक की जगह नही होती है तथा बड़ी संख्या में श्रृद्धालु बाहर सड़क पर खडे होकर आरती का लाभ लेते है। पिपली बाजार में बंदावीर दल द्वारा आयोजित गरबे में युवतियों ने आकर्षित गरबे किए। रतलामी गेट हंगामा 94 पर आकर्षक डिजीटल बाना डंडा का आयोजन किया गया। जहां युवाओं ने जमकर बाना डंडा खेलकर आनंद उठाया। स्टेशन रोड़ बालाजी मित्र मंडल पर सांवरिया सेठ़ की थीम पर आकर्षक गरबे हुए।

#### पटेल कॉलोनी में हुए महाआरती

श्री नवदुर्गा उत्सव समिति पटेल कॉलोनी में महाआरती का आयोजन किया गया। अतिथि पिपलोदा तहसीलदार देवेंद्र कुमार दानगढ़, सहायक संचालक शिक्षा विभाग पिपलोदा अभिषेक यादव रहे। आरती के लाभार्थी श्री शोर्य परिवार ग्रुप रहा। अनुज सैनी, नवीन पालीवाल, भागीरथ मालवीय, दुर्गासिंह डोड़िया, हिम्मतसिंह, सुदर्शन पालीवाल, विष्णु सैनी, नटवर सिंह पंवार, बबलुसिंह राठौर, वीरेंद्रसिंह, राहुल कोठारी आदि सदस्य शामिल थे। प्रसाद में लौकी के हलवे का वितरण किया। प्रसादी वितरण में कॉलोनी के श्याम परिवार ग्रुप का सहयोग रहा। अतिथियों को मातारानी का दुपट्टा ओढाकर समिति अध्यक्ष कलमसिंह सिसोदिया, उपाध्यक्ष मनोहर मुजाल्दे, कोषाध्यक्ष इंदरसिंह भयड़िया, अनोखीलाल पांचाल, सुधीर पंवार, अंबरीश तुलावटी, राजपालसिंह, अरुण जायसवाल, डॉ. अंकित विजयावत, केवलसिंह राठौर, बलवंतसिंह, सरदारसिंह बघेल, अशोक मुजाल्दे, मनीष राठौर, पूनमसिंह अचाले, बिंदुसिंह अलावा, अमित पटेल, दीपक चौहान के साथ अन्य ने स्वागत किया। गरबे का प्रशिक्षण विनीता कुंवर चौहान एवं चंचल कुमार चौहान ने किया।

## सेंटपॉल के छात्रों ने कराते प्रतियोगिता में जीते 29 पदक

**जावरा ।** राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता इंदौर में आयोजित हुई। जिसमें सेंट पॉल कॉन्वेंट स्कुल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन युएसकेओआई एमपी स्टेट चैंपियनशिप में किया गया था। जिसमें राज्यभर के कई विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। सेंट पॉल विद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक तथा 6 ने रजत तथा 13 ने कांस्य पदक अर्जित किए। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने विद्यालय का नाम गर्व से ऊंचा कर दिया। इस उपलब्धि पर प्राचार्य देवेंद्र मूणत ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे छात्रों ने जिस प्रकार का समर्पण, अनुशासन और आत्मविश्वास दिखाया वह अत्यंत सराहनीय है।

## महाविद्यालय में मनाया वायु सेना दिवस

**जावरा ।** भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विद्या तिवारी ने बताया कि 10 अक्टुबर को महाविद्यालय में वायु सेवा दिवस मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. तिवारी द्वारा विद्यार्थियों को वायुसेना का महत्व बताते हुए विभिन्न युद्ध में हुए वायु सेवा के महत्वपूर्ण योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही बताया कि किस तरह विद्यार्थी इंडियन फोर्स, एयर फोर्स अकेडमी का हिस्सा बन सकते हैं। चयन होने के बाद विद्यार्थियों को किस तरह की ट्रेनिंग करवाई जाती है। कार्यक्रम के अंत में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों को वायु सेना (इंडियन फोर्स अकेडमी) पर बनी एक डॉक्युमेंट्री फिल्म दिखाई गई।

## तीन छात्राएं रायपूर में आयोजित प्रतियोगिता में करेगी प्रतिनिधित्व

**जावरा ।** विद्या भारती मालवा द्वारा आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विजय



नगर एवं मुखर्जी नगर देवास में आयोजित किया गया। जिसमें कश्मीरी गली विद्यालय के छात्रों ने निम्न विधाओं में उज्जैन विभाग का प्रतिनिधित्व किया। एकल भजन शिशु वर्ग में हर्षराज गोयल, शास्त्रीय गायन शिशु वर्ग में नव्य शर्मा, संस्कृति ज्ञान प्रश्नमंच बाल वर्ग में खुशबु पाटीदार, दुर्गा चौधरी एवं राधिका कुंवर, वंदे मातरम गीत प्रस्तुति शिशु वर्ग में निधि धाकड़, खुशी राठौड़, गौरी सोलंकी तथा चित्रकला शिशु वर्ग में चेतना चौहान एवं चित्रकला बाल वर्ग में दिव्यांशी जटिया, गणित प्रदर्शन मॉडल शिशु वर्ग में दिव्यांशी मकवाना ने सहभागिता की। संस्कृति ज्ञान प्रश्नमंच में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा खुशबु पाटीदार, दुर्गा चौधरी एवं राधिका कुंवर 23 से 25 अक्टुबर तक छत्तीसगढ़ रायपुर में आयोजित क्षेत्रीय प्रतियोगिता में मालवा प्रांत का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले और भाग लेने वाले समस्त छात्रों को प्रधानाचार्य शीला जैन द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। साथ ही समिति परिवार एवं विद्यालय परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## हैंडबॉल मे उज्जैन संभाग की बालिका रही उपविजेता

**जावरा ।** दमोह में आयोजित 68 वीं राज्य स्तरीय शालेय हैंडबॉल 14 वर्ष आयु समुह की बालक-बालिका की प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग की बालिका टीम में जावरा हैंडबॉल टीम के 7 खिलाड़ियों ने प्रतिनिधित्व किया था। जिसमें से भव्या बघेरवाल, प्रियांशी राठौर, सिद्धि जोशी, हर्षिता, वंशिका द्वारा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए उज्जैन संभाग को फायनल में प्रवेश दिलाते हुए उपविजेता बनाया। प्रतियोगिता में विजेता जनजाति विकास विभाग रहा।

# अखिल भारतीय तेली महासभा का बहुत बड़ा हुआ विस्तार

**रतलाम।** अखिल भारतीय तेली महासभा का बहुत बड़ा हुआ विस्तारो प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम अस्तोलिया प्रदेश महिला अध्यक् श्रीमती आरती दिनेश सीलन साहू प्रदेश युवा अध्यक्ष राजेश राठौर अपने कार्यकारिणी का विस्तार करते की सहमति से हुए राष्ट्रीय मुख्य संरक्षण यशोदाबेन मोदी मुख्य सरक्षकराष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल जी राठौड़ राष्ट्रीय मुख्य सरक्षक रवि करण जी साहू राष्ट्रीय मंत्री मध्य प्रदेश प्रभारी गिरधारी लाल जी राठौड़ की सहमति से मनोनयन पत्र जारी किए प्रदेश अध्यक्ष ने कोषाध्यक्ष दिनेश राठौर प्रदेश महामंत्री एवं उज्जैन लोकसभा प्रभारी राकेश जी राठौड़ इंदौर लोकसभा प्रभारी श्री राजेश जी राठौड़ प्रदेश संयुक्त सचिव श्री कमलेश जी सोनावा मार्गदर्शक मंडल उपाध्यक्ष श्री बाबूलाल जी राठौड़ प्रदेश महामंत्री श्री दिलीप जी राठौड़ प्रदेश उपाध्यक्ष श्री परमानंद जी राठौर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्री नंदकिशोर जी राठौड़ मध्यप्रदेश महामंत्री श्री कैलाश चंद्र जी मेरानियां इंदौर संभाग मीडिया प्रभारी कांतिलाल जी राठौड़ धार जिला अध्यक्ष श्री विकास जी राठौड़ बड़वानी जिला अध्यक्ष श्री गजेंद्र जी राठौड़ खरगोन जिला अध्यक्ष श्री मिश्रीलाल जी राठौड़ नीमच जिला अध्यक्ष श्री राजेश जी अजमेर सरपंच उज्जैन जिला अध्यक्ष श्री सोमचंद डूंगरिया बुरहानपुर जिला अध्यक्ष श्री विजय



राठौड़ खंडवा जिला अध्यक्ष श्री कमलेश जी राठौर खंडवा जिला उपाध्यक्ष श्री संदीप जी राठौर महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आरती साहू दिनेश सीलन साहू ने कार्यकारिणी का किया विस्तार महिला प्रदेश महासचिव कुमारी नेहा पंचोली खरगोन महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती किरण राठौड़ बुरहानपुर महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा बाई राठौर चौधरी खंडवा महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती संगीता राठौर वर्मा जबलपुर महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका साहू युवा प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश राठौड़ ने भी मनोनयन पत्र जारी किया बुरहानपुर युवा अध्यक्ष श्री अजय राठौर जबलपुर जिला अध्यक्ष एडवोकेट श्री संतोष साहू खंडवा जिला युवा अध्यक्ष श्री भावेश राठौर खंडवा शहर युवा अध्यक्ष श्री अभिषेक राठौर बड़वानी जिला युवा अध्यक्ष श्री हेमंत राठौड़ प्रदेश विधि विभाग अध्यक्ष श्री कपिल राठौर ने मंदसौर विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्री एडवोकेट चांदमल राठौर खंडवा युवा जिला अध्यक्ष श्री भावेश राठौर खंडवा महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती संगीता राठौर वर्मा ने भी कार्यकारिणी का विस्तार किया श्रीमती बबीता राठौर को महिला जिला उपाध्यक्ष खंडवा मीडिया प्रभारी श्रीमती वर्षा राठौर संगठन मंत्री श्रीमती मोनिका राठौड़ संगठन मंत्री श्रीमती पूजा राठौर संयुक्त सचिव श्रीमती आरती राठौर महिला जिला संगठन मंत्री श्रीमती शिखा राठौर महिला जिला प्रचार मंत्री श्रीमती मनीषा राठौड़ महिला खंडवा कोषाध्यक्ष श्रीमती संगीता राठौर महिला जिला संगठन मंत्री श्रीमती निकिता राठौड़ महिला जिला संगठन मंत्री श्रीमती स्वाति राठौर महिला जिला सरक्षक कोषाध्यक्ष श्रीमती मोनिका राठौड़ महिला जिला सरस्वती श्रीमती ज्योति राठौड़ को मनोनीत किया गया है। इन मनोनित पर मध्य प्रदेश के समाज तेली समाज में हर्ष है ,और सभी एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं ।उक्त मनोनयन पर अखिल भारतीय तेली महासभा मध्य प्रदेश के समस्त पदाधिकारी मीडिया पदाधिकारी का सहयोग विशेष रहा है। उक्त जानकारी प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम अस्तोलिया एवं मीडिया प्रभारी बद्रीलाल चौहान द्वारा दी गई।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रतलाम (म.प्र.) 457001

01 कालेज रोड रतलाम दूरभाष 07412270555, फैक्स नं. 07412270556
Email-commratlam@mpurban.gov.in, Website- www.rmcratlam.in

क्रमांक 747/वि.शा./2024 रतलाम, दिनांक दिनांक 8/10/2024

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री अखिलेश गुप्ता पिता गोवर्धनलाल गुप्ता द्वारा योजना क. 35 कस्तुरबा नगर स्थित भूखण्ड क. 477 को फ्री-होल्ड/सम्परिवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भवन की लीज अवधि दिनांक 31/3/2042 तक प्रभावशील है। उक्त भवन को फ्री-होल्ड / सम्परिवर्तन किये जाने संबंधी कार्यवाही की जाना है। उक्त भवन से संबंधित किसी भी व्यक्ति या संस्था को फ्री-होल्ड/सम्परिवर्तन किये जाने के संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस की समयावधि में मय दस्तावेज के साथ कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। अन्यथा लीज फ्री-होल्ड/सम्परिवर्तन की कार्यवाही नियमानुसार की जावेगी तथा उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी। सो सूचित हो।

**प्रभारी अधिकारी, विकास शाखा, नगर पालिक निगम, रतलाम**

## कांग्रेस ने कराया कन्या भोज



**रतलाम।** प्रदेश कोंग्रेस के निर्देशानुसार मंगलवार को सैलाना में पूर्व विधायक हर्षविजय गेहलोत द्वारा कन्याभोज का विशाल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मा शीतला की पूजा अर्चना के बाद कन्या पूजन किया गया इसके बाद हर्षविजय गेहलोत मित्र मंडल द्वारा कन्याओं।को भोजन करवाया गया शास्त्रों में कहता भोजन का बड़ा महत्व बताया गया है ज्ञात रहे यह कन्या भोज का कार्यक्रम पिछले वर्षों से किया जा रहा है

## महापौर प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में अपील समिति की बैठक संपन्न



**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में आयोजित नगर निगम अपील समिति की बैठक में नगर पालिक निगम के आदेश के विरूद्ध 1 अपील के निराकरण हेतु अभिभाषकों से चर्चा कर अपील का निराकरण करने के निर्देश दिये। आयोजित बैठक में श्रीमती राजकुमारी पति रमांशकर द्वारा राजगढ़ महेश नगर स्थित भूखण्ड पर भवन निर्माण अनुज्ञा निरस्ती अपील के संबंध में अपील करने वाले की सुनवाई की गई। बैठक में अपील समिति सदस्य परमानन्द योगी, श्रीमती धीरजकुवंर राठौर, श्रीमती कविता चौहान, निगम अभिभाषक संतोष त्रिपाठी, प्रहलाद मावर, विरेन्द्र पाटीदार, अपीलार्थी व अपीलकर्ता अभिभाषक ब्रजेश शर्मा, निगम सचिव राजेन्द्र शर्मा व राजेन्द्रसिंह गेहलोत उपस्थित थे।

## कलश यात्रा निकाल कर हुई स्थापना



**रतलाम।** लालबाग एवेन्यू (राजबाग -3) में बास्केटबॉल गार्डन में नव निर्माण नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार को श्रीशिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई। जिसमें आचार्यो द्वारा वैदिक विधि विधान से भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश, कार्तिकेय और हनुमान की स्थापना की गई। एक दिवसीय चले इस धार्मिक आयोजन में राजबाग नर्मदेशवर महादेव मंदिर से अष्टविनायक, विश्व विनायक, लालबाग के मुख्य मार्गो से होते हुए शिव परिवार की समस्त मुर्तियो को पालकी में बैठाकर कलश यात्रा के रूप में निकाली जिसमें बड़ी संख्या में बालिकाओं एवं महिलाओं ने कलश उठाकर पालकी में सवार सभी देवताओं का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर पूर्व आरडीए अध्यक्ष अशोक पोरवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, एक दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में कॉलोनी के रहवासी प्रशांत शर्मा, सोनू शर्मा, कुलवंत सिंह कलेर, संतोष राजोले, दीपक गौतम, आदित्य माली, हरिष दौहरे,नितेश पाटीदार,राजेश विश्वकर्मा,पवनेश अग्रवाल,महेश पांचाल, आर्यन राठौड़, अंकित प्रजापति, शकुंतला जाट, लक्ष्मी शर्मा, अर्चना पांडेय, बबीता दिवाकर आदि रहवासियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

## बालिका सुरक्षा एवं आत्मरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन



**रतलाम।** सेवा सप्ताह अंतर्गत नूतन माध्यमिक विद्यालय डोंगरे नगर में लायंस क्लब समर्पण द्वारा बालिका सुरक्षा एवं आत्मरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। लायंस क्लब के पदाधिकारीयो द्वारा बालिकाओं को माता-पिता एवं गुरु का सम्मान करने एवं अनुशासन में रहकर जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। श्रीमती छाया सोरभ शर्मा खेल विभाग की रेसलिंग कोच द्वारा छात्राओं को आत्म सुरक्षा के साथ जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित कर आत्मरक्षा कैसे की जाए का प्रशिक्षण दिया व प्रेक्टिकल करके दिखाया गया। समर्पण के साथियों द्वारा छाया सौरभ शर्मा का दुपट्टा पहनाकर और मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक एम जे एफ लायन वीणा छाजेड़,सहसंयोजक लायन प्रेमलता दवे, अध्यक्ष लायन अनीता झालीवाल, सचिव लायन सविता तिवारी, कोषाध्यक्ष लायन विनीता नागोरिया, एम जे एफ लायन डॉ सुलोचना शर्मा, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन प्रेम पिरोदिया, एम जे एफ लायन रेणु व्यास,लायन भारती उपाध्याय एवं स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ध्रुव पारखी ने किया और आभार नाजमिन मलिक ने माना। तथा उक्त जानकारी अध्यक्ष अनीता झालीवाल ने दी।

## कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने कालिका माता के दर्शन, वंदन कर आरती की

**रतलाम।** नवरात्रि उत्सव के दौरान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप देर शाम कालिका माता मंदिर पहुंचे। यहां उन्होने मातारानी के दर्शन, वंदन कर आरती की। इसके पश्चात श्री कालिका माता सेवा मंडल ट्रस्ट द्वारा मंत्री श्री काश्यप का स्वागत-अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता मनोहर पोरवाल, मंडल महामंत्री राकेश परमार, वार्ड संयोजक राजेश माहेश्वरी, ट्रस्ट अध्यक्ष राजाराम मोतीयानी, उपाध्यक्ष मोहनलाल भट्ट, पुरण अग्रवाल, राजेंद्र शर्मा, विश्वजीत टंडन, राधावल्लभ पुरोहित सहित ट्रस्ट मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

# बच्चा चोरी की शंका में दो लोगों की पिटाई

## नई एंबुलेंस लेकर महाराष्ट्र से हरियाणा जाते समय एक गांव का पता पूछने रुके थे

**रतलाम।**

जिले के जावरा में मंगलवार को बच्चा-चोरी की शंका में महाराष्ट्र से एम्बुलेंस में सवार होकर आए दो लोगों को भीड़ ने पीट दिया। पुलिस भीड़ से दोनों को बचाकर थाने ले जा रही थी तब भी लोग पीछे से लात-घूंसे मारते रहे।

थाने में दोनों ने पूछताछ में बताया कि वे एक गांव का एड्रेस पूछने के लिए रुके थे, इसी दौरान कुछ बच्चे एम्बुलेंस में चढ़ गए। इसलिए वहां मौजूद लोगों ने समझा कि बच्चों को चोरी किया जा रहा है और उन्होंने पीटना शुरू कर दिया।

घटनाक्रम जावरा के तीन ईमली क्षेत्र का है। पुणे से अख्तर पिता इजराइल मेवाती निवासी जमालगढ़ मेवात (हरियाणा) एक नई एम्बुलेंस लेकर हरियाणा में डिलीवरी करने जा रहा था। रास्ते में बदनावर से बनेसिंह पिता रणसिंह निवासी पीटगारा थाना बदनावरा जिला धार को लिफ्ट मांगने पर बैठा लिया। मंगलवार



सुबह दोनों ने रास्ते में शराब पी। ज्यादा नशा होने के कारण वह जावरा में घुस गए थे। दोनों को जेल भेज दिया है।

### एड्रेस पूछने के लिए रुके थे

बनेसिंह की बहन जावरा के गांव रोजाना में रहती है। इसलिए उन्होंने नशा ज्यादा होने के कारण रोजाना गांव में रुकने का फैसला लिया। इसीलिए तीन ईमली क्षेत्र में एम्बुलेंस रोक कर गांव का एड्रेस पूछने लगे। वहां खेल रहे बच्चों से भी पता पूछा। तभी कुछ बच्चे एम्बुलेंस में चढ़ गए।

वहां मौजूद कुछ लोगों ने बच्चों को एम्बुलेंस में देखा। नई एम्बुलेंस में बच्चों को देख लोगों को लगा कि बच्चों का अपहरण कर लेकर जा रहे हैं। तभी भीड़ लग गईऔर दोनों की पिटाई कर दी गई। सूचना पर शहर थाना की टीम मौके पर पहुंची। दोनों को भीड़ से बचाया। पुलिस वाहन में बैठाने के दौरान भी लोग पीछे-पीछे आए और मारने की कोशिश करते रहे।

### दोनों को भेजा जेल

एएसपी राकेश खाखा ने बताया अख्तर और बनेसिंह के खिलाफ शराब पीकर वाहन चलाने व धारा 151 में केस दर्ज किया है। दोपहर बाद दोनों को जेल भेज दिया। एम्बुलेंस को जब्त कर लिया है।

## किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री की शुरुआत

**रतलाम।** म.प्र. शासन द्वारा राज्य में किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री की शुरुआत की गई है। इस प्रणाली के तहत प्रत्येक किसान का एक विशिश्ट किसान आई.डी. (फार्मर आईडी) बनाया जाएगा जिसका उद्देश्य प्रत्येक किसान की पहचान और जानकारी को सुरक्षित रखना एवं नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन करना है।

आगामी दिसम्बर माह से पी.एम. किसान योजना का लाभ मात्र फार्मर आई.डी. के माध्यम से ही किसानों को मिल सकेगा। फार्मर रजिस्ट्री के लिए किसान एम.पी.आनलाईन, कियोस्क सेन्टर, कामन सर्विस सेन्टर के माध्यम से, डिजिटल क्राप सर्वेक्षण कार्य हेतु चिन्हांकित स्थानीय युवा के माध्यम से, म.प्र. में पटवारियों के सहयोग से तथा किसान स्वयं के सहयोग से फार्मर रजिस्ट्री बना सकते हैं।

फार्मर रजिस्ट्री हेतु आवश्यक दस्तावेजों में समग्र आई.डी., आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर, खसरा नकल साथ ले जाकर अपने नजदीकी एम.पी.आन लाईन, कियोस्क सेन्टर आदि के माध्यम से ई-केवायसी करवाकर शासन की योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## विद्युत एवं यांत्रिकी समिति की बैठक संपन्न

**रतलाम।**

महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार विद्युत एवं यांत्रिकी समिति सलाहकार समिति की बैठक समिति प्रभारी अक्षय संघवी की अध्यक्षता में आहूत हुई। जिसमें शहर की प्रकाश व्यवस्था सुचारू बनाये रखने के प्रस्तावों पर अनुशंसा की गई। आयोजित बैठक में अनुशंसा की गई कि ईईएसएल की स्ट्रीट लाईट मेंटेनेंस की निविदा अवधि समाप्त हो रही है प्रकाश व्यवस्था सुचारू बनी रहे इस हेतु



शीघ्र निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की जाये। शहर में ऐसे क्षेत्र जहां 24 घन्टे स्ट्रीट लाईट चालू रहती ऐसे स्थानों पर ऑटोमेटिक टाईमर लगाये जाने की अनुशंसा समिति द्वारा की गई साथ ही ऐसे विद्युत पोल जहां एलईडी लाईट नहीं लगी है उन पोल पर स्ट्रीट लाईट लगाई जाने की अनुशंसा भी समिति द्वारा की गई। समिति प्रभारी अक्षय संघवी ने कहा कि शहर की स्ट्रीट लाईट व हाईमास्ट का सर्वे कराया जाये ताकि बंद स्ट्रीट लाईट व हाईमास्ट को शीघ्र दुरस्त कराया जा सकें साथ ही आगामी त्यौहारों के चलते शहर के डार्क स्पॉट का भी सर्वे कराया जाये ताकि नवीन एलईडी लाईट लगाई जा सकें। आयोजित बैठक में समिति प्रभारी अक्षय संघवी के अलावा समिति सदस्य सर्वश्री शक्तिसिंह राठौर, धर्मेन्द्र रांका, श्रीमती संगीता सोनी, श्रीमती हीना मेहता, फकरूद्धीन मंसूरी, श्रीमती मिनाक्षी सेन, उपायुक्त करूणेश डण्डोतिया, सहायक यंत्री अनवर कुरेशी, उपयंत्री ब्रजेश कुशवाह के अलावा देवेन्द्र धाकड़ आदि उपस्थित थे।

## जनसुनवाई में दो दिव्यागो को मिली मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल

**रतलाम।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय परिसर में संपन्न हुई। कलेक्टर श्री राजेश बाथम के निर्देश पर दो हितग्राहियों राकेश राठौर एवं संतोश प्रजापति को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान की गई।

मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्राप्त होते ही दोनों दिव्यांगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। जनसुनवाई में 60 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए निराकरण के निर्देश संबंधित विभागों को जारी किए गए। कलेक्टर श्री बाथम के अलावा अपर कलेक्टर श्री आर.एस. मंडलोई ने भी जनसुनवाई की

जनसुनवाई में लुनेरा निवासी राजेन्द्र कुमार भाटी ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुए बताया कि प्रार्थी की पुत्री द्वारा डाक सेवक भर्ती भरी गई थी जिसमें मेरी पुत्री का दस्तावेज सत्यापन हेतु डिजिटल जाति प्रमाण पत्र एवं सेन्ट्रल जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। इस हेतु प्रार्थी द्वारा पूर्व में लोक सेवा केन्द्र ग्रामीण रतलाम में आवेदन भी किया गया था, जिसे अस्वीकरण कर दिया गया था और हमारा जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाया जा रहा है। पुत्री का दस्तावेज सत्यापन करवाया जाना आवश्यक है अतः प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाने की कृपा करें। आवेदन निराकरण के लिए एसडीएम रतलाम ग्रामीण को प्रेशित किया गया है।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम लुहारी निवासी हीरालाल ने बताया कि प्रार्थी के माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है तथा शासन द्वारा दी जाने वाली सहायता राशि प्रार्थी को प्राप्त नहीं हुई है। अतः सहायता राशि प्रदान की जाए। आवेदन निराकरण के लिए संबंधित विभाग को प्रेशित किया गया है। ग्राम गुणावद निवासी मोडसिंह ने आवेदन देते हुए बताया कि प्रार्थी द्वारा भूमि का सीमांकन किए जाने हेतु आवेदन किया गया था किन्तु सीमांकन नहीं किया गया। साथ ही ग्राम के ही एक व्यक्ति द्वारा मेरी भूमि पर तार फेंसिंग कर अतिक्रमण कर लिया जाकर मुझे धमकाया जा रहा है। कृपया उचित कार्यवाही की जाए। आवेदन निराकरण के लिए ग्रामीण तहसीलदार को प्रेशित किया गया है।

ग्राम पलदुना निवासी विश्णुकांता ने बताया कि प्रार्थिया की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है तथा अस्थमा की शिकायत भी है। साथ ही बीपीएल कार्ड नहीं होने से काफी समस्या का सामना करना पड रहा है। प्रार्थिया को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान किया जाए। आवेदन संबंधित विभाग को निराकरण के लिए भेजा गया है। ग्राम सरवन निवासी श्यामलाल तेली ने जनसुनवाई में बताया कि प्रार्थी का नई आबादी सरवन में एक प्लाट है जिस पर आवागनमन के लिए आम रास्ता बना हुआ था, जिसे ग्राम के ही एक व्यक्ति द्वारा बंद कर दिया गया है। कई बार ग्राम पंचायत को आवेदन भी दिया गया है परन्तु उचित कार्यवाही नहीं की गई। निवेदन है कि प्रार्थी के प्लाट पर बंद किए गए आम रास्ते को पुनः प्रारम्भ करने में मदद की जाए।

## शारदीय नवरात्रि के दौरान कालिका माता सेवा मंडल ट्रस्ट द्वारा मां कालिका मंदिर परिसर में विभिन्न आयोजन किया जा रहे है



**रतलाम।** शारदीय नवरात्रि के दौरान कालिका माता सेवा मंडल ट्रस्ट द्वारा मां कालिका मंदिर परिसर में विभिन्न आयोजन किया जा रहे हैं। प्रतिदिन सुबह तथा रात्रि में गरबा रास का आयोजन किया जा रहा है। वहीं सुबह फलाहारी प्रसाद तथा शाम को निराश्रित भाइयों को भोजन प्रसादी वितरित की जा रही है, अखंड रामायण पाठ का क्रम जारी है। कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप ने मां कालिका माता रानी को प्रसाद का भोग लगाया तथा आरती की। नगर निगम अध्यक्ष मनीष शर्मा व मनीष शर्मा ने माता रानी की आरती की ट्रस्ट की ओर से कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप व नगर निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा मनीष शर्मा को प्रतीक चिन्ह तथा पुष्प माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। उक्त जानकारी ट्रस्ट अध्यक्ष राजाराम मोतियानी, उपाध्यक्ष मोहनलाल भट्ट, सचिव हरीश कुमार बिंदल ने दी।

## श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महिला जिला सभा रतलाम द्वारा आशापुरा माता मंदिर में गरबा महोत्सव सम्पन्न



**रतलाम।** श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण जिला महिला सभा रतलाम ने नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में माँ आशा पूरा माता जी के मंदिर में लगातार गरबा रास का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समाज की महिलायो युवतियो एवं कन्याओ ने बढ चढ़ कर उत्साह से भाग लिया। मेरे अंगना पधारो महा रानी मोरी शारदा भवानी जैसे सार गर्भित भजनों की प्रस्तुति कर डांडिया रास का आनन्द लेते हुए महिलाओं ने नृत्य किया। जिला महिला सभा की अध्यक्ष श्रीमति आशा रानी उपाध्याय के नेतृत्व में कार्यक्रम सानंद सम्पन्न हुआ निम्न मातृशक्ति की उपस्थिति श्रीमति गायत्री शर्मा, साधना तिवारी, शैलजा श्रोत्रिय,वंदना जोशी, भारती तिवारी, संगीता शर्मा, रेखा व्यास, निशा व्यास, अमृता तिवारी, मंगला शर्मा, निशा पौराणिक, राधा उपाध्याय, तृप्ति उपाध्याय, संघमित्रा पंडित, स्वाति पंडित, तृप्ति शर्मा, उषा जोशी, जयश्री शर्मा, वंदना शर्मा, रीता तिवारी, उषा शर्मा, सुनीता तिवारी, ममता, सरोज व्यास, श्वेता व्यास, संगीता आचार्य, प्रीति तिवारी, पूजा पांडिया, लक्की शर्मा आदि महिलाओ ने मां की आराधना गरबा नृत्य के माध्यम से की।संस्था की महामंत्री श्रीमति जया शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## कैबिनेट मंत्री श्री काश्यप के मुख्य आतिथ्य में114 दिव्यांगजनों को 259 कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण

**रतलाम।**

सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार की एडिप स्कीम के अंतर्गत पूर्व से चिन्हांकित किए कुल 114 दिव्यांगजनों को 259 कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों का निश्शुल्क वितरण मंगलवार को लघु, मध्यम उद्यम मंत्री श्री चेतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर नगर निगम महापौर श्री प्रहलाद पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जायसवाल, आलोट-उज्जैन सांसद प्रतिनिधि श्री जितेंद्र काला, श्री मनोहर पोरवाल, श्री पवन सोमानी, इस अवसर पर कलेक्टर श्री राजेश बाथम, मुख्य



कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री श्रृंगार श्रीवास्तव, उपसंचालक सामाजिक न्याय श्रीमती संध्या शर्मा, श्री आयुषी पालीवाल, श्री रवि जैन, श्री आकाश पथरोड, श्री संजय चौहान, श्री हितेश गायकवाड, श्री अमित मईडा, श्री दिलीप सिसोदिया, सुश्री किरण चाहंदे, श्री खंडेलवाल, गणमान्य नागरिक, जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र व सामाजिक न्याय सशक्तिकरण के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

मंत्री श्री काश्यप ने संबोधन में कहा कि दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल तथा अन्य आवश्यक उपकरण मिलने से उनका जीवन आसान हो जाएगा उनकी परेशानियां दूर होगी शासन द्वारा दिव्यांगजनों के संपूर्ण उत्थान हेतु काम किया जा रहा है श्री काश्यप द्वारा श्री हेमंत राहोरी को दिव्यांगों के पुनर्वास में उनके अथक प्रयास हेतु अभिनंदन कर सम्मानित भी किया गया।

दिव्यांगजनों के इस उपकरण वितरण कार्यक्रम में कुल 114 दिव्यांगजनों को कुल 269 विभिन्न प्रकार के उपकरणों का प्रदान किया गया जिसमें 48 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल 43 श्रवण यंत्र, ट्राईसाइकिल, बैसाखी, स्मार्ट कैन, टीएलएम किट, व्हील चेयर, कैलिपर्स, कृत्रिम हाथ आदि सामग्री दिव्यांगजनों को निश्शुल्क प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अधिकारी श्री आनंद कातरकर ने तथा आभार कृत्रिम अंग निर्माण निगम उज्जैन के श्री शशांक पांडे, श्री चंदन चंद्रा एवं श्री महेश पांडे द्वारा द्वारा व्यक्त किया गया।

# पत्रकारों ने नवरात्रि में की मां के साथ हनुमान लला की आराधना

**रतलाम।**

नवरात्रि के उपलक्ष्य में पत्रकारों ने सुंदरकांड और भजनों पर भक्तिभाव के साथ आनंद लिया। पॉवर हाउस रोड स्थित प्रेस क्लब भवन पर सुंदरकांड का आयोजन किया गया जिसमें पत्रकारों के साथ शहर के गणमान्य लोग भी शामिल रहे।

उत्सवी, भक्तिभाव से ओतप्रोत और सामाजिक सौहाद्र के माहौल में प्रेस क्लब भवन पर आयोजन हुआ। प्रभाकांत उपाध्याय और उनकी मंडली ने सुमधुर संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया। इस दौरान रतलाम प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेशपुरी गोस्वामी, सचिव यश शर्मा, उपाध्यक्ष सुजीत उपाध्याय, डॉ. हिमांशु जोशी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र केलवा, वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी, रमेश टांक, गोविंद उपाध्याय, कार्यकारिणी सदस्य हेमंत भट्ट, दिनेश दवे, केके शर्मा, दिलजीत मान, चंद्रशेखर सोलंकी, प्रदीप नागौरा, सिकंदर पटेल, नीरज बरमेचा, पूर्व अध्यक्ष राजेश मूणत,




सुरेंद्र जैन, तुषार कोठारी, अरुण त्रिपाठी, नीरज शुक्ला, भेरूलाल टांक, प्रियेश कोठारी, सौरभ कोठारी, जितेंद्र सिंह सोलंकी, किशोर जोशी दत्ता, असीम राज पाण्डेय, साजिद खान, समीर खान, हेरम्ब सिंह सेंगर, जलज शर्मा, संजय मिश्रा, नवीन टांक, दिग्विजय सिंह सेंगर, अर्पित चौबे, मो. हुसैन, राजेश वासनवाल, जयदीप गुर्जर, अदिति मिश्रा आदि पत्रकारों ने पूजन, भजन और पाठ किया। इस मौके पर पूर्व महापौर और वरिष्ठ भाजपा नेता शैलेंद्र डागा, पूर्व आरडीए अध्यक्ष अशोक पोरवाल, एडवोकेट शिल्पा जोशी, महेश वोहरा, विष्णुकांता वोहरा आदि समेत कई अन्य गणमान्य जनों ने भी भाग लिया।

### भजनों पर झूमे पत्रकार, विश्व शांति की कामना की

समारोह में पत्रकारों ने माता दुर्गा के साथ ही भगवान श्री गणेश, भगवान श्रीराम, भगवान श्री लखन, सीता माता और हनुमानजी का भी पूजन किया। आरती के दौरान पूरे विश्व में सभी के कल्याण और विशेषकर रतलाम की उन्नति, शांति की कामना भी की गई। विशेष रूप से मात्र 8 वर्षीय क्रीशा मूणत ने सुमधुर राम भजन गाकर पूरा समां बांध दिया। नन्हे से नमो मूणत और कल्प मूणत ने भी सुंदरकांड में भाग लिया। सामाजिक सौहाद्र के माहौल में सभी ने बढ़चढ़ कर उत्साह से भक्तिनृत्य भी किया, भजन भी गाए।

## दुनिया में धूम मचा रही अनन्या पांडे



बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे पेरिस में फैशन की दुनिया में धूम मचा रही हैं। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पेरिस की कई खूबसूरत तस्वीरें और वीडियो शेयर की हैं। पेरिस उन्हें फैशन लेबल चैनल द्वारा एक विशेष फैशन इवेंट के लिए आमंत्रित किया गया था। इस इवेंट में अनन्या ने इस साल की शुरुआत में हुए क्रूज शो के लुक 9 को पहना था और उन्होंने कई अलग-अलग आउटफिट में अपना जलवा बिखेरा। उनका इस तरह के विशेष इवेंट में उपस्थित होना सिनेमा के साथ-साथ फैशन की दुनिया में भी उनके बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। कॉल मी बे की हालिया सफलता के बाद अनन्या लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं।

## बादशाह ने इप्सित को 'सुरों का स्ट्राइकर' कहा




शो, इंडियन आइडल, में भुवनेश्वर के इप्सित पति, जो एक ट्रैवल व्लॉगर और भगवान शिव के भक्त हैं। इप्सित ने भुवनेश्वर से त्र्यंबकेश्वर तक के अपने आध्यात्मिक और साहसिक सफर की शुरुआत की थी, जिसके बाद वह अपने ऑडिशन के लिए फिर मुंबई पहुंचे। अपने परफ़ॉर्मेंस से पहले एक खुशनुमा बातचीत के दौरान, बाइकिंग के प्रति अपने साझा जुनून के कारण इप्सित और विशाल ददलानी के बीच बहुत अच्छी ट्यूनिंग बन गई। जब इप्सित ने फिल्म 'कबीर सिंह' से 'कैसे हुआ' पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी, तो उनकी गायन कुशलता ने जजों को हैरान कर दिया। उनके परफ़ॉर्मेंस ने रूम को मंत्रमुग्ध कर दिया, और जज उनकी भावनात्मक आवाज़ पर मोहित हो गए।बादशाह ने कहा, ÷जब आपने गाया, तो ऐसा लगा जैसे यह आपका अपना गाना है। , ÷कहने को है बाइकर, लेकिन है 'सुरों का स्ट्राइकर'।

## सोनू सूद को ह्यूमैनिटेरिअन ऑफ़ द ईयर अवॉर्ड!



सोनू सूद ने अपने समाजसेवी कार्यों के लिए अपार पहचान हासिल की है। जरूरतमंदों की मदद करने के उनके प्रयासों ने उन्हें घर-घर में जाना-पहचाना नाम बना दिया है, जिससे वे जनता के नायक के रूप में स्थापित हो गए हैं। हाल ही में, जरूरतमंदों के प्रति सूद के योगदान को एक इवेंट में सम्मान मिला, जहाँ उन्हें ह्यूमैनिटेरिअन ऑफ़ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह एक ऐसा खिताब है, जो पूरी तरह से दुनिया भर के लोगों से उनके द्वारा अर्जित सम्मान को दर्शाता है।

## सलमान की किक 2 का ऐलान



साजिद नाडियाडवाला ने अपनी फिल्मों के जरिए इंडियन सिनेमा को एक नई दिशा दी है। प्रोड्यूसर के तौर 8 एक्टर्स के साथ काफी बड़ी हिट फिल्में दी हैं। उनकी सबसे सफल पार्टनरशिप में से एक सलमान खान के साथ हैं, जिनके साथ मिलकर उन्होंने कई रिकॉर्ड तोड़ने वाली फिल्में बनाई हैं। ऐसे में अब, लगभग दस साल बाद, यह जोड़ी फिल्म सिकंदर के जरिए फिर से साथ आई है, और हर कोई इसके लिए उत्साहित है। लेकिन इससे भी बड़ी खबर यह है कि साजिद नाडियाडवाला ने किक 2 के लिए एक फोटोशूट की एक झलक शेयर की है, जिसे देखकर फैंस सरप्राइस हो गए हैं। सोशल मीडिया पर नाडियाडवाला ग्रैंडसन ने सलमान खान की एक बेहतरीन तस्वीर के साथ किक 2 का ऐलान किया है। साजिद नाडियाडवाला और सलमान खान ने 2014 में किक के साथ धूम मचाई, जो साजिद की बतौर निर्देशक पहली फिल्म थी।

## अक्षय ने साइन की रोमांचक नई परियोजना रेसिडेंट



बालीवुड अभिनेता अक्षय ओबेरॉय ने एक बार फिर मनोवैज्ञानिक थ्रिलर शैली की फिल्म रेसिडेंट साइन की है। यह फिल्मेरा द्वारा निर्मित और आकाश गोइला द्वारा निर्देशित फिल्म है। रेसिडेंट फिल्म की शूटिंग नवंबर में खूबसूरत ग्रीस में शुरू होने जा रही है, जो दर्शकों को एक व्यापक सिनेमाई अनुभव का वादा करती है।

## उर्वशी ने पहने एक करोड़ के आउटफिट

उर्वशी रौतेला ने अतीत में भी अपने प्रशंसकों को कुछ सबसे शानदार, अल्ट्रा-स्टाइलिश और सुपर महंगे आउटफिट्स के साथ चौंका दिया है, जिन्हें उन्होंने कुछ अवसरों पर पहना था और ठीक है, इस साल आईफा 2024 में भी ऐसा ही हुआ था। तीन अलग-अलग दिनों में, उर्फ आईफा उत्सवम, आईफा रॉक्स और आईफा अवार्ड्स की रात में, उर्वशी ने सुनिश्चित किया कि वह तीनों अवसरों की सबसे अच्छी पोशाक वाली महिला सेलिब्रिटी बनकर इसे हैट्रिक में बदल दें और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है। अगर हम आईफा के तीनों दिनों को जोड़ दें तो उर्वशी रौतेला ने 1 करोड़ रुपये से अधिक के आउटफिट पहने थे ।





## शहनाज गिल रेड ऑफ-शोल्डर ड्रेस में लग रही बेहद हॉट

हाल ही में एक्ट्रेस शहनाज गिल ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ नई तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें वह एक स्टाइलिश रेड ऑफ-शोल्डर ड्रेस में नजर आ रही हैं। इस ड्रेस में उनका लुक बेहद आकर्षक और हॉट लग रहा है। उन्होंने अपने इस लुक को ग्लैम मेकअप और न्यूड लिप्स के साथ कंप्लीट किया है, जिससे उनका लुक और भी परफेक्ट बन गया है। तस्वीरों में वह कातिलाना अंदाज में पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं, जो उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। शहनाज की इन नई तस्वीरों के अलावा, इससे पहले भी उन्होंने एक सल्ट्री मेकओवर वाली लुक शेयर की थी। उस लुक में उन्होंने ब्राउन चेकर्ड ओवरसाइज़्ड ब्लेजर पहना हुआ था, जिसमें शोल्डर पैड लगे थे, जो उनके कंधों को और भी उभार रहे थे। उन्होंने इस लुक को व्हाइट शर्ट और ब्लैक टाई के साथ पेयर किया और रेड लेदर शॉर्ट्स पहन रखे थे। शहनाज का यह नया बोल्ड अंदाज उनके फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।



## अनन्या पांडे बनाम पारुल यादव

गुलाबी रंग हमेशा से एक लोकप्रिय रहा है, विशेष रूप से महिलाओं के बीच और दो उद्योग दिवा जो इसे अपने-अपने स्थानों पर आसानी से हिला रही हैं, वे हैं अनन्या पांडे और पारुल यादव। अनन्या पांडेः वह एक करिश्माई दिवा हैं जिनके पास आसानी से रॉक और स्ले करने की क्षमता है और उनका अच्छा लुक, उनके लुक के साथ प्रयोग करने की क्षमता के साथ हमेशा उनका मजबूत बिंदु रहा है। यहाँ की तस्वीर में, उन्हें गुलाबी गहरी गर्दन वाले आउटफिट को आसानी से खींचते हुए देखा जा सकता है। वह हमेशा अपनी क्यूटनेस और आकर्षण के साथ फैशन पुलिस के लिए एक बिंदु साबित करती है और यह निश्चित रूप से एक बोनस है। पारुल यादवः यह कहना सुरक्षित है कि इस अभिनेत्री को अक्सर दक्षिण उद्योग की सबसे स्टाइलिश और फैशनेबल सुंदरता के रूप में कई लोगों द्वारा सराहा गया है। ऐसे समय में जब अधिकांश लोग रुझानों का अनुसरण करके अपने आराम क्षेत्र के आसपास खेलते हैं, बोल्ड, जीवंत और साहसी पारुल यादव छोटे बालों के साथ एक विघटनकारी की तरह एक फैशन स्टेटमेंट बनाती हैं, जिसे आईफा जैसे अवसर के लिए पहले कभी किसी और ने प्रयास नहीं किया है। 2.7 लाख से अधिक मूल्य के एक शानदार कस्टम-मेड गुलाबी गाउन में पारुल का मनमोहक अवतार कई लोगों के बीच चर्चा का विषय था और यह कि गुलाबी वास्तविक रूप से उस पर जानलेवा दिखता है

## महिलाओं को त्याग नहीं, ताकत के रुप में देखना चाहिए : शिल्पा शेट्टी



महिलाओं को अक्सर त्याग के प्रतीक के रूप में देखा जाता है, जबकि उन्हें हिम्मत और ताकत के प्रतीक के रूप में समझा जाना चाहिए। यह कहना है अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी का। एक्ट्रेस आगामी सिंगिंग बेस्ड रियलिटी शो सा रे गा मा पा में गेस्ट जज के रूप में नजर आएंगी। इस शो में सचिन-जिगर, सचेत-परंपरा और गुरु रंधावा मेंटर्स के रूप में शामिल होंगे, जबकि होस्ट विपुल रॉय और सलमान अली हैं। इस नवरात्रि स्पेशल ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड में अभिनेता राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी भी भाग लेंगे। शो के टॉप 12 कंटेस्टेंट्स अपनी कला का प्रदर्शन करके मेहमानों को प्रभावित करने की कोशिश करेंगे। एक खास पल में, प्रतियोगी रिया भट्टाचार्य ने अपनी मां के प्रति विशेष भाव व्यक्त किया जब उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस से पहले उनकी आरती की। इस भावुक दृश्य ने शिल्पा को छू लिया, और उन्होंने कहा, जब हम महिलाओं की बात करते हैं, तो अक्सर उसे त्याग से जोड़ा जाता है।

## अकेले बुलाया और बोला-अगर हीरोइन बनना है तो ये सब करना पड़ेगा



आशा नेगी ओटीटी का जाना-माना नाम बन चुकी हैं, लेकिन आशा के लिए ये सफर आसान नहीं रहा। सफलता के इस शिखर तक पहुंचने के लिए आशा को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में कई तरह की रुकावटों का भी सामना किया। पिछले दिनों मुंज्या स्टार अभय वर्मा ने कास्टिंग काउच को लेकर खुलासा किया। इस खुलासे के बाद ये साफ हो गया कि मनोरंजन जगत में कास्टिंग काउच का शिकार सिर्फ लड़कियां ही नहीं लड़के भी होते हैं। पिछले कुछ सालों में कई हसीनाओं ने इस पर खुलकर बात की है। इसमें टीवी शो पवित्र रिश्ता से घर-घर में पहचान बनाने वालीं आशा नेगी भी शामिल हैं। उन्होंने इस बारे में बताया कि ये सब होने के बाद इंडस्ट्री में अपने पैर जमाना कितना मुश्किल था। टीवी से गायब हुईं आशा अब ओटीटी प्लेटफॉर्म में कदम रख चुकी हैं।

## राग दरबारी



# विकास की गाड़ी

कहते हैं देश की तरक्की का पहिया घूम रहा है। हर तरफ विकास हो रहा है। आप जहां भी नज़र डालें, आपको कोई न कोई विकास की परियोजना दिख ही जाएगी–नए पुल बन रहे हैं, सड़कों का चौड़ीकरण हो रहा है, और हर गली-मोहल्ले में निर्माण कार्य का ज़ोर है। पर मैं सोचता हूं, यह विकास की गाड़ी आखिर चलती कैसे है? मैंने एक दिन इस रहस्य को समझने का फैसला किया और अपने शहर के विकास स्थल पर गया। वहां पहुंचते ही देखा कि एक बड़ा बोर्ड लगा हुआ था, जिस पर मोटे अक्षरों में लिखा था, यहां विकास कार्य चल रहा है।÷ पर बोर्ड के नीचे खड़े मजदूर सुस्ता रहे थे। पूछने पर उन्होंने बताया, भैया, हम तो विकास की गाड़ी धक्का मार-मारकर चला रहे हैं। सरकार कहती है, काम हो रहा है, पर पेट्रोल की जगह धक्का ही मारना पड़ता है। मैंने सोचा, चलो कुछ और जानकारी ली जाए। अगली मंजिल थी–सरकारी दफ्तर। वहां पहुंचते ही देखा कि अफसर लोग आराम से बैठकर चाय की चुस्की ले रहे हैं। मैंने एक अफसर से पूछा, भाईसाहब, यह विकास की गाड़ी कब तक चलेगी? उन्होंने हंसते हुए कहा, विकास की गाड़ी का तो काम ही धीरे चलने का है। जितनी देर लगेगी, उतनी देर हम आराम करेंगे। और जब जनता सवाल करेगी, तो उन्हें भविष्य के सुनहरे सपने दिखा देंगे। मैंने पूछा, पर यह गाड़ी कहां जा रही है? उन्होंने गंभीरता से कहा, विकास की गाड़ी का कोई गंतव्य नहीं होता। यह एक अंतहीन यात्रा है। बस चलता रहे, यही इसका लक्ष्य है। और अगर जनता ज्यादा सवाल पूछे, तो थोड़ा-सा धूल उड़ा दो, ताकि उन्हें लगे कि गाड़ी पूरी रफ्तार में चल रही है। सड़क पर आते ही देखा कि जगह-जगह गड्ढे हैं। मैंने वहां खड़े एक इंजीनियर से पूछा, भाई, ये गड्ढे क्यों हैं? उसने बड़े आत्मविश्वास से जवाब दिया, ये गड्ढे विकास की राह पर पड़ने वाली चुनौतियां हैं। जब तक गड्ढे हैं, तब तक समझो हम काम कर रहे हैं। जैसे ही सारे गड्ढे भर जाएंगे, हमारी नौकरी पर संकट आ जाएगा। इतनी बातों के बाद मैं सोच में पड़ गया कि विकास की इस गाड़ी का असली चालक कौन है? मैंने जाना कि विकास की गाड़ी एक ऐसी गाड़ी है, जिसमें चालक कोई नहीं है, पर पीछे धक्का देने वालों की कतार लगी रहती है। जनता धक्का मारती रहती है, और गाड़ी धीरे-धीरे रेंगती रहती है। रास्ते में कुछ लोग इसे देखने आ जाते हैं, कुछ तस्वीरें खिंचवाते हैं और कहते हैं, देखो, हमारा देश तरक्की कर रहा है। असल में, विकास की यह गाड़ी कभी गंतव्य तक नहीं पहुंचती। यह गाड़ी चलती है सिर्फ दिखावे के लिए। जनता इसे धक्का देती है, सरकार इसे दिखाती है, और अफसर इसमें बैठे-बैठे चाय पीते हैं। बस यही है विकास की असली गाड़ी–एक अंतहीन यात्रा, जो कभी खत्म नहीं होती, लेकिन हर दिन हमारे सामने नई उम्मीदें और पुराने गड्ढे छोड़ जाती हैं।

**सागर यादव जख्मी**

# अब अपनी हिस्सेदारी लेने मंत्रियों के साथ अफसर भी जाएंगे दिल्ली

## इस वित्तीय वर्ष में प्रदेश को केंद्र से मिलेंगे 97,906 करोड़

**इंदौर। केंद्र सरकार से अपनी हिस्सेदारी लेने के लिए अब मंत्री अकेले दिल्ली नहीं जाएंगे। प्रदेश सरकार ने इसके लिए नई व्यवस्था कि है उसके अनुसार अब मंत्रियों के साथ विभागीय अफसर भी जाएंगे। गौरतलब है कि केंद्र सरकार के 2024-25 बजट में मप्रमें 97 हजार 906 करोड़ रुपए मिलेंगे। यह पिछले वर्ष 2023-24 में मिले 86 हजार 792 करोड़ से 11 हजार 204 करोड़ रुपए ज्यादा हैं। वहीं प्रदेश को भारत सरकार से इस वित्तीय वर्ष में लगभग एक लाख 41 हजार करोड़ रुपये विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होना है।**

प्रदेश का वर्ष 2024-25 में एक लाख 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक भारत सरकार से प्राप्त होने हैं। 95 हजार 753 करोड़ रुपये वर्षभर में केंद्रीय करों के हिस्से में मिलने हैं। इस बजट को लेने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लगातार दिल्ली दौरा कर रहे हैं। वहीं प्रदेश सरकार के मंत्री भी केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर रहे हैं।

गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के छह माह बीत चुके हैं। मध्य प्रदेश सरकार में आगामी बजट की तैयारी शुरू कर दी है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव स्वयं तो केंद्रीय मंत्रियों से लगातार भेंट कर ही रहे हैं, सभी मंत्रियों और अधिकारियों से भी कहा है कि वे स्वीकृत योजना का बजट जल्द प्राप्त करने के लिए संबंधित मंत्रालय के मंत्रियों और अधिकारियों से सतत संवाद करें।



आवश्यकता के अनुसार दिल्ली भी जाएं। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों से कहा है कि वे भारत सरकार के बजट में प्रविधानित राशि समय पर मिले ताकि उसका उपयोग इसी वित्तीय वर्ष में हो जाए, इसके लिए केंद्रीय मंत्रियों और अधिकारियों से संपर्क किया जाए। मुख्य सचिव अनुराग जैन भी अधिकारियों को केंद्रीय अधिकारियों से संवाद और संपर्क रखने के लिए कहा है।

### केंद्र सरकार से मिलनी है यह राशि

प्रदेश सरकार पर भारी कर्ज है। वहीं सरकार हर साल कर्ज लेकर विकास कार्यों पर खर्च कर रही है। ऐसे में सरकार का फोकस इस बात पर है कि केंद्र से मिलने वाले बजट को समय पर लाया जाए। इसके लिए अब मंत्रियों के साथ विभागीय अफसर भी जाएंगे। गौरतलब है कि प्रदेश को भारत सरकार से इस वित्तीय वर्ष में लगभग एक लाख 41 हजार करोड़ रुपये विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होना है। प्रदेश का वर्ष 2024-25 में एक लाख 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक भारत सरकार से प्राप्त होने हैं।

95 हजार 753 करोड़ रुपये वर्षभर में केंद्रीय करों के हिस्से में मिलने हैं। जबकि, 44 हजार 891 करोड़ रुपये केंद्रीय सहायता अनुदान रहेगा। विशेष केंद्रीय सहायता योजना में भी 10 हजार 910 करोड़ रुपये के प्रस्ताव भेजे गए थे। इसमें से 4,318 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। अधोसंरचना विकास के लिए प्रदेश को 10,500 करोड़ रुपये मिलने की संभावना है, जिनमें 9,750 करोड़ रुपये राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए प्रस्तावित हैं।

2028 में होने वाले सिंहस्थ को देखते हुए रोप वे के लिए 50 करोड़ और पीथमपुर में मल्टी मॉडल लाजिस्टिक पार्क के लिए 60 करोड़ रुपये का प्रविधान है। सेतु बंधन योजना में फ्लाई ओवर समेत अन्य परियोजनाओं के लिए 750 करोड़ रुपये रखे गए हैं।

नगरीय विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित अन्य विभागों में संचालित केंद्रीय योजनाओं के लिए भी राशि का प्रविधान है। इस वित्तीय वर्ष में पांच साल में केंद्र सरकार मप्र को इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के प्रोजेक्ट के लिए 29 हजार 710 करोड़ रुपए खर्च करने वाली है। इसमें मध्य प्रदेश इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए 10 हजार 500 करोड़ रुपये मिलेंग। इसमें लोक निर्माण विभाग को 3390 करोड़ और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के 7710 करोड़ रुपये शामिल हैं। इसमें उज्जैन महाकाल के रोपवे, पांच रिंग रोड के लिए भी राशि शामिल है।

बता दें, उज्जैन में रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर तक रोप वे के लिए पहले ही एमओयू हो चुका है। इसके बनने से स्टेशन से मंदिर तक सडक़ पर दबाव कम होने के साथ ही श्रद्धालुओं का समय भी बचेगा। रोपवे से 25 मिनट की जगह 7 मिनट में ही श्रद्धालु स्टेशन से मंदिर पहुंच जाएंगे। इसके अलावा भोपाल, इंदौर, जबलपुर, सागर और ग्वालियर में रिंग रोड के लिए भी बजट में राशि का प्रावधान किया गया है।

### आगामी बजट की तैयारी

उधर, प्रदेश के वित्त विभाग ने वर्ष 2025-26 के बजट की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए जो अनुमानित राशि विभाग को बताई गई है, उसके अनुसार बजट चार लाख करोड़ रुपये के आसपास हो सकता है। इसी हिसाब से प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। सरकार का फोकस कृषि, नगरीय विकास, ग्रामीण विकास, औद्योगिक विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने पर रहेगा।

बजट प्रस्तुत होने से पहले भोपाल में सात-आठ फरवरी 2025 को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट होगी। इसमें देश- दुनिया के बड़े उद्योगपति जुटेंगे और प्रदेश को विभिन्न क्षेत्रों में निवेश प्रस्ताव मिलने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पहली बार रीजनल इन्वेस्टर्स कान्क्लेव का आयोजन हो रहा है, जिसमें लगभग सवा दो लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव भी सरकार को मिल चुके हैं।

# मप्र सरकार फिर ले रही 6000 करोड़ का लोन

## अगस्त से अब तक कुल कर्ज 21,000 करोड़ हो जाएगा

**इंदौर। मप्र सरकार इस महीने 6,000 करोड़ रुपये का कर्ज लेगी, जो इस फाइनेंसियल ईयर का चौथा लोन होगा। इसके बाद अगस्त से अब तक कुल कर्ज 21,000 करोड़ रुपए हो जाएगा। 31 मार्च, 2024 को मप्र सरकार का कुल कर्ज 3.75 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। नए कर्ज के साथ अब यह राशि 3.95 लाख करोड़ रुपये पार कर गई है। इसके बाद भी प्रदेश में एक सरकारी विमान की खरीद और मंत्रियों के बंगलों पर करोड़ों रुपये के खर्चे किए जा रहे हैं।**




### 2 महीने में चौथा कर्ज

1 अगस्त को, सरकार ने इस वित्तीय वर्ष का पहला ऋण 5,000 करोड़ रुपये लेने की औपचारिकताएं शुरू कीं। 22 अगस्त को उसने 5,000 करोड़ रुपये का और कर्ज लेने की प्रक्रिया शुरू की। एक महीने बाद इसने 5,000 करोड़ रुपये का तीसरा कर्ज लिया और अब इस महीने के अंत में 6000 करोड़ रुपये का ऋण लेने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### कई हजार करोड़ का कर्ज विरासत में मिला

पिछले साल नवंबर में विधानसभा चुनाव के बाद बनी नई सरकार को 3.5 लाख करोड़ रुपये का कर्ज विरासत में मिला। सरकार ने पिछले वित्त वर्ष में 42,500 करोड़ रुपये का ऋण लिया था। नई मोहन यादव सरकार ने मार्च तक केवल तीन महीनों में इसमें से 17,500 करोड़ रुपये (41 प्रतिशत) का योगदान दिया।

सरकार की प्रमुख वित्तीय जिम्मेदारियों में लाडली बहना योजना है, जिसके लिए हर महीने लगभग 1,600 करोड़ रुपये की जरूरत है। यह योजना पिछले साल विधानसभा चुनाव से पहले शुरू की गई थी और इसे बीजेपी के लिए गेम चेंजर बताया गया था। इस योजना के लिए अभी तक पैसे की कोई कमी नहीं है।

# भोपाल, इंदौर को मिली सकती हैं महिला कलेक्टर!

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था में महिला अधिकारियों की प्रबल भागीदारी बढ़ा दी है। पिछले 10 महीने के भीतर सरकार ने 55 जिलों में 10 जिलों में प्रशासन की कमान महिला अधिकारियों को सौंपी है। निकट भविष्य में प्रदेश के दो प्रमुख जिले राजधानी भोपाल और इंदौर को भी महिला कलेक्टर मिल सकती हैं। हाल ही में प्रदेश की मुख्य सचिव भी महिला ही रहीं।

मुख्यमंत्री ने वीरा राणा को 6 महीने का अतिरिक्त कार्यकाल भी दिलाया। जबकि एक साल पहले प्रदेश में सिर्फ 3-4 जिलों में ही महिला कलेक्टर थीं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने राज्य की कमान संभालते ही सम्राट विक्रमादित्य की न्याय प्रणाली और इतिहास में कुशल प्रशासन के लिए जानीं गई शासक रानी अहिल्याबाई और रानी दुर्गावती के शासनकाल की प्रशासनिक व्यवस्था को राज्य के सरकारी तंत्र में लागू करने पर जोर दिया है।

यही वजह है कि प्रदेश में महिला कलेक्टरों की संख्या 3 से बढक़र 10 पहुंच गई है। निकट भविष्य में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन जैसे बड़े जिलों की कमान भी महिला अधिकारियों को मिल सकती है।

### इन जिलों में महिला मुखिया

ग्वालियर- रुचिका चौहान, रीवा-प्रतिभा पाल, नर्मदापुरम-सोनिया मीणा, झाबुआ-नेहा मीणा, बुरहानपुर-भव्या मित्तल, शाजापुर-रिजु बाफना, मंदसौर-अदिति गर्ग, मैहर-रीना बातड़, नरसिंहपुर-शीतला पटले, सिवनी-संस्कृति जैन।

## कटाक्ष

### अधिकार

कुर्सी ने कहां मंत्री जी से
मेरे साथ
इतना रहम तो कीजिये
किसी एक के साथ
पत्नी की तरह रहने का
अधिकार तो दीजिये

### कुशल चतुराई

नेताजी ने अपना
जन्मदिन इस तरह मनाया
और चमचों से अपने जन्मदिन पर
अपने ही रूपयों की
थैली भेंट कराई
इस तरह अपनी
कुशल चतुराई से
अपने ही काले धन पर
सफेद चांदी चढ़ाई

### दौरा

मंत्री जी जब भी
सूखा ग्रस्थ क्षेत्र के
दौरे पर जाते हैं
मगरमच्छ जैसे
टसुये बहाते हैं
और उनके प्रति
सहानुभूति जताते हैं
मगर नाश्ते में
काजू किशमिश खाते हैं

**रमेश मनोहरा**



**शीतला माता गली जावरा (म.प्र.)**
**457226, जिला रतलाम**
**मो. 9479662215**

# हरियाणा विधानसभा चुनाव में जन की हुई जीत

## जीत न नेताओं की है और न पार्टी की, जीत के हीरो साइलेंट वोटर

हरियाणा में भाजपा ने तीसरी बार सत्ता में आकर नया इतिहास रच दिया है। सुबह 9 बजे पहले राउंड तक कांग्रेस के रिकॉर्डतोड़ रुझानों ने एकबारगी तो भाजपा के कार्यकर्ताओं से लेकर दिल्ली तक के नेताओं के होश उड़ा दिए थे, लेकिन जिस तरह से अचानक आई एक आंधी ने हवा का ऐसा रुख बदला कि कांग्रेस के साथ वो हो गया जिसकी कोई उम्मीद भी नहीं कर सकता।

जो भाजपा चुनाव प्रचार और एग्जिट पोल के दौरान सत्ता से काफी दूर दिख रही थी। कार्यकर्ता से लेकर बड़े नेता तक विश्वास भरे नहीं थे। यहां तक प्रचार के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल से लेकर पार्टी के पूर्व मंत्रियों और नेताओं को लोगों की तल्खियों से दो चार होना पड़ा था। रही सही कसर इन एग्जिट पोल वाले महानुभावों ने कर दी थी, थोड़ी बहुत उम्मीद जो कार्यकर्ताओं को भाजपा के सम्मानजनक स्थिति में आने की थी, उसे इन्होंने जोर के झटके से तोड़कर रख दिया था।

फिर भी पीके की तरह छाती पर हाथ रख कर आल इज वेल, आल इज वेल तरह बीत रहे थे। पर वो कहावत है ना कि जिसी नकटी देवी, उस ए उत पुजारी।

सभी तंत्र भाजपा की हार साबित करने पर तुले थे, पर वो रिजल्ट तक हार न मानने पर अड़े थे। इसी कॉन्फिडेंस ने उन्हें आज सुबह सुबह टीवी के सामने बैठने के लिए राजी किया था। पर ये क्या टीवी खोलते ही कांग्रेस 70 पार दिखी तो चेहरे मुरझा गए। टीवी बंद हो गए। एक घंटे बाद ही सारे समीकरण बदलने लगे तो आंध्यां की माक्खी राम उडावै कहावत ने मुरझाए कमल को ऐसी ऑक्सीजन दी कि मुर्दों में भी जान आ गई।




भाजपा को इतनी बड़ी कामयाबी मिलना किसी बड़े चमत्कार से कम नहीं है। इस चमत्कार को पार्टी या कार्यकर्ताओं के दम पर होने की कहना न्यायसंगत नहीं होगा। नेताओं - कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार में सुनने को मिले विरोध स्वर किसी से छिपे नहीं है। ऐसे में ये चमत्कार हुआ

किया गया है। ये वो मतदाता हैं जो लगातार एक महीने तक चुनाव प्रचार रूपी लहर में हिचकोले खाते रहे। लहर के थपेड़ों से जरा भी घबराये नहीं। लहरों ने उन्हें खूब डराया भी कि हमारे साथ बहो, अन्यथा डूब जाओगे। उन्होंने कुछ नहीं किया, डूबते को तिनके के सहारे ज्यों किनारे का एक छोर मजबूती से पकड़े रहे। और जैसे ही मौका मिला, फौरन बाहर छलांग लगा लहरों से निकल गए और जीत का ऐसा झंडा गाड़ा कि लहरें देखती रह गईं। हरियाणा में एक और कहावत बड़ी मशहूर है कि अगेती फसल और अगेती मार करणियां की होवै ना कदे बी हार%।

इससे कम होता है। भाजपा का हरियाणा में तीसरी बार सत्ता में आना भी उनकी अगेती फसल का लाभ है। समय से पहले चुनाव, उम्मीदवारों का को मैदान में उतारकर भाजपा ने अपनी स्थिति को मजबूत करने का काम किया। उम्मीदवारों का विरोध हुआ तो पहले से रूठों को मनाने के लिए तैयार टीम अधिकांश को अपने पाले में लाकर बगावत के सुरों को ढीला करने में कामयाब रही। सत्ताविरोधी लहर बनाने में कांग्रेस ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। किसान-जवान-पहलवान के जरिए नैरेटिव खूब गढ़ा गया। प्रचार के दौरान कांग्रेस काफी प्रभावी रही। हर जगह निकाली गई बड़े बड़े काफिले निकाले गए। ट्रैक्टर रैलियों से किसानों के भारी समर्थन का खूब दावा किया गया। जेसीबी द्वारा कांग्रेस उम्मीदवारों पर जगह जगह फूलों की बरसात कर प्रचार में एकतरफा माहौल बनाने में कामयाब भी दिखे।

प्रचार में हर जगह आगे रहकर भाजपा वोटर अब उलट फेर कर गए। जीत हार के दावों से दूर रहे इन साइलेंट वोटर्स ने न कांग्रेस की लहर को स्वीकारा और न ही किसी नारीत्व को। बड़ी ही खामोशी के साथ अपने अधिकार का प्रयोग किया और फिर से काम लग गए। न चेहरे पर मुस्कान दिखाई और न ही दर्द दिखाया। सामान्य रहे, सामान्य दिखे पर चमत्कार असामान्य कर गए। भाजपा के बड़े नेता भले ही इस जीत पर अपनी पीठ थपथपा लें, एक दूसरे को जीत का श्रेय दे दें। कोई माने या न माने जीत का श्रेय नहीं साइलेंट वोटर्स को है।

**सुशील कुमार नवीन**
**96716 26237**



**लेखक वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार है**